विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 77 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 17 दिसम्बर 2025 डाक 18 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ राष्ट्रपति भवन में परमवीर चक्र दीर्घा के उद्घाटन के दौरान....



**देश-विदेश**
अखनूर में एलजी मनोज सिन्हा ने 108 फीट तिरंगा स्तंभ का किया अनावरण, 1971 युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि.....



**फीचर पेज**
पुशअप्स करते समय न करें ये गलतियां, लग सकती है चोट



## नेशनल हेराल्ड मामला बदले की भावना से प्रेरित, सत्य की हुई जीतः मल्लिकार्जुन खड़गे

**नईदिल्ली 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेशनल हेराल्ड केस में आए ताजा फैसले के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा और केंद्र सरकार पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड का मामला पूरी तरह से फर्जी और राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित था। खड़गे ने दावा किया कि कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम और परेशान करने के उद्देश्य से इस मामले को उछाला गया था। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार की स्थापना वर्ष 1938 में स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा की गई थी और आजादी की लड़ाई में इसका ऐतिहासिक योगदान रहा है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने इस प्रतिष्ठित अखबार को मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर आरोपों से जोड़कर बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में कोई सच्चाई नहीं है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा ने इसे राजनीतिक हथियार बनाकर कांग्रेस नेताओं को परेशान किया। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए लगातार विपक्षी नेताओं पर ईडी जैसी जांच एजेंसियों के जरिए केस दर्ज करवा रही है। भाजपा ने डर और दबाव की राजनीति के जरिए लोगों को अपने पक्ष में किया और इसी आधार पर सरकारें बनाईं। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है। इस मामले में अदालत के फैसले ने भाजपा की राजनीति को बेनकाब कर दिया है। अब फैसला न्याय के पक्ष में आया है, सत्य की जीत हुई है। हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को घेरते हुए खड़गे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में फैसला आने के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह को इस्तीफा देना चाहिए। उन्हें एक राजीनामा देना चाहिए कि भविष्य में वे लोगों को सताने का काम नहीं करेंगे। वहीं, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम देश की सड़कों पर इस पॉलिटिकल बदले की कार्रवाई का पर्दाफाश करेंगे।

पिछले सात सालों से कांग्रेस पार्टी को ईडी से लगातार परेशान किया जा रहा है। बदले की पॉलिटिक्स के जरिए हमारी सीनियर लीडरशिप को टारगेट किया जा रहा है और इससे हर कार्यकर्ता परेशान है। हम पूरे भारत में अपनी ताकत दिखाएंगे ताकि यह दिखा सकें कि कैसे केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को टारगेट करने के लिए ईडी का सिस्टमैटिक तरीके से गलत इस्तेमाल कर रही है। आपको बताते चलें, नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस ने कोर्ट के इस फैसले को सच्चाई की जीत बताया है।

## टीवीके प्रमुख विजय का गुरुवार को इरोड में कार्यक्रम, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**इरोड।** तमिलनाडु वेट्री कजगम (टीवीके) प्रमुख विजय के गुरुवार को तमिलनाडु के इरोड दौरे से पहले, पुलिस और आयोजकों की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। टीवीके के मुख्य समन्वयक के.ए. सेंगोत्तैयान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पुलिस ने सुरक्षा से संबंधित कई निर्देश जारी किए हैं, जिन्हें पूरी तरह से लागू किया जा रहा है। पूर्व तमिलनाडु मंत्री और वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी पुलिस की ओर से मांगे गए सुरक्षा इंतजामों से कहीं ज्यादा इंतजाम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को एक ऐसे स्तर तक बढ़ा दिया गया है कि ये इंतजाम राज्य में सार्वजनिक सभाओं के लिए एक मिसाल कायम करेंगे। सुरक्षा योजना के तहत, कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यक्रम स्थल और उसके आस-पास लगभग 1,500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए 14 जगहों पर एंट्री और एग्जिट पॉइंट बनाए गए हैं। बयान में कहा गया है कि निगरानी उपायों के तहत कार्यक्रम स्थल पर रणनीतिक जगहों पर 60 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक मेडिकल सेटअप भी तैयार किया गया है, जिसमें 72 डॉक्टर, 120 नर्स और 24 एम्बुलेंस मौके पर तैनात रहेंगी। सार्वजनिक सभा में लगभग 25,000 लोगों के साथ-साथ लगभग 10,000 पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। बयान में साफ किया गया है कि पास, पहचान पत्र या क्यूआर कोड जैसी कोई एंट्री पाबंदी नहीं होगी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सिर्फ इरोड जिले के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी और शौचालय की सुविधाओं सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बयान में कहा गया है कि वाहनों की आवाजाही को मैनेज करने के लिए लगभग 60 एकड़ के इलाके में पार्किंग की सुविधा बनाई गई है। एहतियात के तौर पर, बैठक स्थल के पास स्थित एक निजी स्कूल के मैनेजमेंट ने सुरक्षा इंतजामों और संभावित ट्रैफिक पाबंदियों को देखते हुए गुरुवार को छात्रों के लिए छुट्टी घोषित कर दी है।

### दो कारों को भाई-बहन ने किया आग के हवाले, कारण सामने आया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सिधरावली गांव में एक घर के बाहर खड़ी दो कारों में भाई-बहन ने आग लगा दी। एक एजेंसी के मुताबिक यह घटना मंगलवार सुबह गाड़ी के मालिक रमन यादव के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उन्हें शक है कि एक आदमी और उसकी बहन, जिनकी उनके परिवार से पुरानी दुश्मनी है, इसके लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर बिलासपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## क्रिसमस और नववर्ष के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर तैयार, श्रद्धालुओं को केवल एक गेट से मिलेगी एंट्री

**पुरी।** क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर पुरी जगन्नाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन, मंदिर प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बिजली व पेयजल आदि सभी विभाग को मुस्तैद रहने के लिए पुरी के जिला कलेक्टर दिव्य ज्योति परिड़ा ने निर्देश दिया है। इसके साथ ही कहा है कि इस दौरान भक्त केवल सिंहद्वार से मंदिर में प्रवेश करेंगे और बाकी तीन द्वार से बाहर निकलेंगे। जिलाधीश ने कहा कि हाल ही में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न होने वाले पंचुक के दौरान भी



इसी व्यवस्था को अपनाया गया था, जो पूरी तरह से सफल रही। ऐसे में भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुनः यह क्रिसमस एवं नववर्ष पर भी यह व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। पुरी सर्किट हाउस में आगामी क्रिसमस और नववर्ष के दौरान सुव्यवस्थित दर्शन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित तैयारी बैठक में पुरी कलेक्टर ने बताया कि इन दिनों श्रीजगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन हेतु भारी भीड़ रहती है।

इसलिए सुव्यवस्थित दर्शन के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, आवागमन, ट्रैफिक नियंत्रण एवं स्वच्छता जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

## जेलों में विशेष सघन अभियान मोबाइल फोन, चाकू और गांजा जब्त



**बेंगलुरू, 17 दिसम्बर ।**


कर्नाटक की जेलों और सुधार गृहों में चलाए गए विशेष सघन अभियान में जेल अधिकारियों ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री बरामद की। पिछले 36 घंटों में कई जेलों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान जेल परिसरों से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चाकू और मादक पदार्थ जब्त किए गए। सबसे ज्यादा कम्युनिकेशन डिवाइस मैसूर और बेंगलुरु की जेलों से बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान 6 मोबाइल फोन और 4 चाकू बरामद किए गए। वहीं, मैसूरु जेल में तलाशी के दौरान 9 मोबाइल फोन और 11 सिम कार्ड जब्त किए गए हैं।

इसी तरह, बेलगावी जेल में बाहरी तत्वों द्वारा जेल परिसर के भीतर फेंके गए 366 ग्राम गांजा के साथ 4 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके अलावा, मैंगलोर जेल से 4 मोबाइल फोन और विजयपुरा जेल से 1 मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

### संदिग्ध हवाला ऑपरेटर के घर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिशरा इलाके में एक घर पर हुंडी सिस्टम के जरिए अवैध लेन-देन की जांच के लिए छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि रिशरा के लक्ष्मी पल्ली थर्ड लेन में एक घर पर छापा मारा गया। सूत्र ने यह भी कहा कि वहां कथित तौर पर एक हवाला ऑपरेटर रहता था। ईडी के अधिकारी जांच कर रहे हैं कि क्या उसके बिजनेस में कोई गैर-कानूनी लेन-देन शामिल था। ईडी सूत्रों के अनुसार, तीन गाड़ियों में छह सीआईएसएफ के जवानों के साथ ईडी के पांच अधिकारी घर में घुसे। जानकारी के अनुसार, काफी समय से पूछताछ चल रही है और ईडी के अधिकारी घर की तलाशी ले रहे हैं और परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रहे हैं।

## गैस सिलेंडर फटने से ढहा मकान, एक की मौत



**अमेठी।** एक मकान में कल देर रात साढ़े 10 बजे छोटा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे मकान में डंप कोल्ड ड्रिंक में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बचाव कर कार्य शुरू करते हुए घायल दो व्यक्तिओं को अस्पताल पहुंचाया। जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया। जामो कस्बा में भादर मार्ग स्थित शिवमहेश पाण्डेय निवासी ग्राम जिया का पुरवा मजरे जामो का दो शटरयुक्त पुरानी दुकान हैं। जिसमें सुभाष चन्द्र पाण्डेय निवासी अतरवां मजरे भोएं किराये पर रहते थे। दुकान में वह कोल्ड ड्रिंक व मिनरल वाटर का गोदाम बनाए थे। देर रात सतीश तिवारी निवासी बस्तीदेई भटगंवा थाना गौरीगंज व बलराम चन्द्र पाण्डेय निवासी अतरवां मजरे भोएं दुकान के अन्दर बैठकर कुछ काम कर रहे थे। देर रात साढ़े 10 दुकान में रखा गैस सिलेंडर अचानक फट गया। जिससे पूरा मकान ढह गया।दुकान में डंप कोल्ड ड्रिंक में आग लग गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंचकर घायल सतीश तिवारी व बलराम चन्द्र पाण्डेय को सीएचसी पहुंचाया।

जहां चिकित्सक ने सतीश तिवारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि बलरामचन्द्र पाण्डेय का इलाज सीएचसी चल रहा है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना में एक व्यक्ति की मौत और एक घायल हो गए हैं। घटना गैस सिलेंडर के फटने से होना बताया जा रहा हैं। घटना की गहनता से जांच की जा रही हैं।

## शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत दिए जाने वाले प्रवेश नियम में किए बदलाव



**रायपुर 17 दिसम्बर।** प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश अब कक्षा पहली से होगा। यह व्यवस्था आगामी शिक्षा सत्र से लागू की जाएगी। अब तक बीपीएल बच्चों का प्रवेश एंट्री क्लास में होता रहा है। शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को लेकर नियम में बदलाव कर दिया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने आरटीई की धारा 12 के खंड (1) के उपखंड (ग) के प्रावधान के अनुसार निजी स्कूलों द्वारा केवल कक्षा पहली में प्रवेश दिए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव दिया था। शासन ने लोक शिक्षण संचालनालय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश अब तक एंट्री क्लास नर्सरी और केजी वन के साथ ही कक्षा पहली में प्रवेश दिया जाता रहा है। इसमें से एंट्री क्लास की व्यवस्था शिक्षा विभाग ने समाप्त कर दी है। दरअसल, आरटीई के प्रावधान लागू होने के बाद शुरूआती सालों में कक्षा पहली में ही प्रवेश दिया जाता था लेकिन निजी स्कूलों की मांग और बच्चों की पढ़ाई को लेकर होने वाली दिक्कतों को देखते हुए एंट्री क्लास में प्रवेश देने का नियम राज्य शासन ने बनाया. अब फिर से नियम को बदला जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश नर्सरी अथवा केजी वन से होता है।

## हैदराबाद का रहने वाला था सिडनी आतंकी हमले का मास्टरमाइंड साजिद, पिता की मौत के बाद भी नहीं आया भारत

**सिडनी, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के बोंडी बीच पर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पह हमला करने वाला साजिद अकरम मूल रूप से भारतीय था। वह हैदराबाद का रहने वाला है और साल 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था। ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद से उसका हैदराबाद में अपने परिवार से सीमित संपर्क था। यहां तक की वह 2009 में अपने पिता के अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हुआ। तेलंगाना पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने साजिद अकरम के फैमिली का पता टोली चौकी की अल हसनथ कॉलोनी से लगाया।

अकरम के पिता सशस्त्र बलों के एक सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, और उसका बड़ा भाई डॉक्टर है। तेलंगाना के डीजीपी शिवधर रेड्डी ने कहा, हमें बताया गया है कि साजिद ने 27 साल पहले भारत से पलायन करने के बाद मुख्य रूप से संपत्ति संबंधी मामलों के लिए छह बार भारत की यात्रा की। यहां तक की जब साल 2009 में उसके पिता की मौत हुई, तब भी वह भारत नहीं आया था।

## मजदूरों को 10-10 हजार रुपये, सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50 प्रतिशत WFH, प्रदूषण पर दिल्ली सरकार का ऐलान



**नई दिल्ली 17 दिसम्बर।** राजधानी दिल्ली में पॉल्यूशन को देखते हुए रेखा सरकार ने दो बड़े निर्णय लिए हैं। निर्माण कार्य रुकने से प्रभावित सभी रजिस्टर्ड और वेरिफाइड निर्माण मजदूरों के खातों में डीबीटी करके 10 हजार रुपये भेजे जाएंगे। वहीं, दूसरे निर्णय के तहत दिल्ली के सभी सरकारी व प्राइवेट दफ्तरों में 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम मैंडेटरी होगा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए छूट रहेगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्री कपिल मिश्रा ने दी। लगातार चार दिन गंभीर श्रेणी में रहने के बाद बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया। मंगलवार को हवा की गति बढ़ने और सुबह के समय कोहरे व स्मॉग में कमी होने के कारण प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार दर्ज किया गया। दिल्ली के लगभग सभी निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। राजधानी में सोमवार को एक्यूआई 427 दर्ज किया गया था, जबकि मंगलवार को यह 354 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को 24 घंटे में एक्यूआई में 73 अंकों का सुधार दर्ज हुआ। दिल्ली में मंगलवार को कई जगहों पर 10 से 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवा चलने के कारण प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार देखा गया। सीपीसीबी के मुताबिक, हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे सामान्य माना जाता है।

एनसीआर की हवा में मंगलवार दिन में तीन बजे पीएम 10 का औसत स्तर 276 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 167 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी हवा में प्रदूषक कणों का स्तर अभी मानकों से लगभग दोगुना से अधिक रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है, अगले दो दिनों के बीच हवा की रफ्तार में थोड़ी तेजी आएगी। दिन के समय हवा की रफ्तार दस किमी प्रति घंटे से तेज होगी और दिन के समय खिली हुई धूप निकलेगी। इससे प्रदूषक कणों का विसर्जन भी तेज होगा।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा, 3 की जिंदा जलकर मौत, 1 घायल



**नईदिल्ली 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अलवर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कल देर रात एक पिकअप में आग लग गई। हादसे में तीन लोग बुरी तरह जल गए और मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से झुलसा हुआ व्यक्ति को जयपुर रेफर किया गया। हादसा रैणी थाना क्षेत्र में रात करीब 1 बजे हुआ। एएसआई मोहम्मद आमीन ने बताया कि अनुमान है कि पिकअप को ड्राइवर साइड की तरफ किसी वाहन ने टक्कर मारी। टक्कर लगते ही पिकअप में आग फैल गई। आग के तेज होने के कारण पिकअप में सवार लोगों के बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। तीनों लोगों के शव सीट पर चिपके हुए मिले। पिकअप में जिंदा जले दो लोग मध्यप्रदेश और एक हरियाणा का रहने वाला था। एएसआई ने बताया कि पिकअप में मिले तीनों शवों की पहचान मोहित (बहादुरगढ़, हरियाणा), दीपेंद्र (सागर, मध्यप्रदेश) और पदम (सागर, मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। हादसे में घायल ड्राइवर हन्नी (झज्जर, हरियाणा) हैं। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि पिकअप को पीछे से टक्कर मारी गई। सही कारण की जानकारी जांच के बाद ही सामने आएगी। पिकअप में लगी आग के विकराल रूप को देखकर एक्सप्रेस-वे पर वाहन चालकों में दहशत फैल गई। आग के बाद गाड़ियों का काफिला पूरी तरह से रुक गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब तक रेस्क्यू शुरू हुआ, पिकअप पूरी तरह जल चुकी थी। हादसे के बाद मौके पर वाहन चालकों और आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन एक्सप्रेस-वे पर आग बुझाने के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग बेबस नजर आए। पुलिस एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। जांच के बाद ही साफ होगा कि पिकअप को किसने टक्कर मारी थी। शवों को रैणी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पिकअप वाहन के नंबरों से जानकारी मिली कि वाहन झज्जर (हरियाणा) का था। इसके बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजनों के आने के बाद ही शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर पलटी, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जहां, बगसारा में हदाला और डेरी पिपारिया गांवों के बीच तेज रफ्तार से चल रही कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकराकर पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह घटना तड़के सुबह चार बजे की है, जब ड्राइवर ने कार का नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा और ढांचा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन की मौके पर ही गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई।

## गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आदेश जारी कर जिले में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार शुष्क दिवस में जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, प्रीमियम, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.3, एफ.एल.3क एवं अहाता 18 दिसम्बर को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखा जाएगा।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 को

**कोरबा ।** जिले में 21 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। कलेक्टर ने अभियान की सफल संचालन एवं शून्य से 05 वर्ष के सभी लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिया। साथ ही अभियान दिवस को पोलियो खुराक पीने से वंचित बच्चों को मॉपअप दिवस के दिन घर-घर जाकर खुराक पिलाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया।



बैठक में एसडीएम कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि भारत सरकार एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया जायेगा। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथ में तथा मॉप अप दिवसों 22 व 23 दिसंबर 2025 को गृह भेंटकर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा।

## कलेक्टर बंसत की कोरबा जिले से बिदाई

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस क्रम में कोरबा जिले के कलेक्टर का परिवर्तन भी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार कुणाल दुदावत (भा.प्र.से. 2017) को दंतेवाड़ा कलेक्टर पद से हटाकर कोरबा जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं, अजीत वसंत (भा.प्र.से. 2013) को कोरबा कलेक्टर पद से हटाकर सरगुजा जिले का कलेक्टर बनाया गया है।

## वरिष्ठ नागरिकों को दिया गया सहायक उपकरण

**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति (मैत्री संघ) के प्रयास से अनुभव भवन बालको नगर में जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया के नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महापौर नगर पालिक निगम कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत , पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं सदस्य हितानंद अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मीना शर्मा , रुक्मणी नायर , मैत्री संघ के अध्यक्ष के एन सेठ , महासचिव पी एल सोनी , मैत्री संघ के सदस्य गण, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी गण, नगर निगम के अधिकारी गण, पार्षद सत्येंद्र दुबे , पार्षद मंगल राम बंदे , पार्षद चेतन मैत्री , पार्षद चंदा देवी रत्नाकर एवं अन्य उपस्थित रहे।

## असामाजिक तत्वों ने कार में लगा दी आग

**कोरबा ।** कोरबा अंचल कोतवाली थाना अंतर्गत दर्री रोड में 16 दिसंबर की रात 9:10 से 9:20 बजे के बीच तीन युवकों ने मिलकर एक व्यापारी की कार में आग लगा दी। पहले यह तीनों युवक कार के आसपास 10 मिनट तक मंडराते रहे। इस दौरान रास्ते से लोगों की आवाजाही हो रही थी। एक युवक कहीं से पेट्रोल लेकर आया और कार पर छिड़क दिया जिसके बाद दूसरे युवक ने माचिस से आग लगा दिया और वहां से तीनों युवक भाग निकले।

कार में आग लगने की जानकारी होते ही कार मालिक सहित आसपास के लोग वहां पहुँचे। किसी तरह आग को बुझाया गया। घटना से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। पूर्व में भी दर्री रोड में ऐसी घटना घट चुकी है, जिसे लेकर व्यापारी सड़क पर उतर आए थे।

## बरमपुर नहर पुल पर एक ट्रैलर हुआ ब्रेकडाउन,लगा घंटो जाम

**कोरबा ।** कोरबा शहर में अब भारी वाहनों का दबाव बढ़ने से रोज जाम लग रहा है। इसी कड़ी में सर्वमंगला से कुसमुंडा मार्ग पर 1 घंटे तक जाम लगने से लोग परेशान रहे। बताया जा रहा हैं की बरमपुर के पास नहर पुल पर एक ट्रैलर ब्रेकडाउन हो गया। जिसकी वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सर्वमंगला मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। बरमपुर नहर पुल काफी सकरा है। जिसमें एक ट्रैलर शाम लगभग 4 बजे ब्रेकडाउन हो गया। इसकी वजह से दूसरा वाहन पार नहीं हो पा रहा था। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। छोटे वाहन भी जाम में फंस गए। सबसे अधिक परेशानी कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, दीपका क्षेत्र के लोगों को भी हुई। लगभग शाम 5 बजे वाहन को हटाया गया। इसके बाद ही आवाजाही शुरू हो सकी। सर्वमंगला मार्ग पर फोरलेन का काम भी यहां अधूरा है। नहर पर नया पुल बनना है। लेकिन नया टेंडर ही नहीं हो सका है। इस वजह से लोगों की समस्या कम नहीं हो रही है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। तीसरे चरण के लिए जमीन मिलने के बाद ही टेंडर होगा। इसके बाद ही अधूरे काम पूरे होंगे। इसी तरह विगत दिनों रेलवे फाटक अधिक समय तक बंद होने पर शहर के सुनालिया पुल पर भी जाम में लोग फंस गए थे। शहर के हर मार्ग पर रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

## सेजस मदनपुर: जोन स्तरीय प्रशिक्षण की शुरुआत

**कोरबा।** स्वामी आत्मानन्द विद्यालय रजकम्मा के सभागार में चैतमा जोन का एफएलएन अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्राचार्य राजीव जोगी, व्याख्याता विनोद जायसवाल, सीएसी जीवन सिंह मरकाम, मनोहर पैकरा, अनिल जगत ओंकार साहू, पवन पैकरा की उपस्थिति में शिविर प्रारम्भ हुआ। मास्टर ट्रेनर श्रद्धा शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया। प्राचार्य जोगी ने पूर्व शिक्षा प्रणाली में संशोधित पाठ्यक्रम का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए नवीन शिक्षा नीति से अपग्रेड होने को कहा। वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल ने प्राथमिक शिक्षकों को नई किताब के साथ शिक्षा प्रणाली को सहज, खेल आयरन और डेटा-ड्रिवन बनाकर कक्षा तीसरी तक छात्र -छात्राओं को बुनियादी पढ़ाई-लिखाई में माहिर बनाने हेतु इस पद्धति को शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर बताया।

# एसआईआर पर अमित शाह के ऐतिहासिक भाषण का हुआ सार्वजनिक प्रसारण

### भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा का बड़ा जनजागरण कार्यक्रम, सुभाष चौक में SIR पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के ऐतिहासिक भाषण का हुआ सार्वजनिक प्रसारण

**कोरबा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगातार फैलायी जा रही भ्रामक जानकारियों के विरुद्ध संसद में चुनाव सुधार विषयक गंभीर और तथ्यात्मक चर्चा हुई। इस दौरान मा. केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने अपने सशक्त, स्पष्ट और दूरदर्शी भाषण के माध्यम से स्ढ्ढक्र सर्वे की सत्यता, पारदर्शिता और लोकतंत्र को सुदृढ़ करने वाली भूमिका को देश के सामने मजबूती से रखा।

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार की शाम सुभाष चौक, निहारीका में सार्वजनिक रूप से उक्त भाषण का प्रसारण कर आम जनता एवं कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी जी के मुख्य अतिथ्य में आयोजित हुआ, जिसमें रायपुर सह संभाग प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत तथा पूर्व महापौर श्री जोगेश लांबा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के भाषण को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी जी ने कहा कि विपक्ष देश को गुमराह करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश की संसद में चुनाव सुधार विषय पर हुई चर्चा के दौरान माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने अपने लगभग 1 घंटा 16 मिनट के विस्तृत एवं तथ्यपरक संबोधन में विपक्ष द्वारा लगाए गए प्रत्येक आरोप का सिलसिलेवार उत्तर देते हुए उन्हें पूरी तरह बेनकाब किया। इस दौरान विपक्ष की हताशा और उसकी नकारात्मक राजनीति स्पष्ट रूप से उजागर हुई। उन्होंने कहा कि संसद में चुनाव सुधार पर सार्थक चर्चा के लिए विषय रखा गया था, लेकिन विपक्ष बार-बार चर्चा को भटकाकर विशेष गहन पुनरीक्षण (स.ढ्ढ.क्र) की ओर ले जाने का प्रयास करता रहा। इस क्रम में विपक्ष ने चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर निराधार आरोप लगाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया। अपनी कमियों को छुपाने के लिए विपक्ष द्वारा 'वोट चोरी' जैसे गैर-जिम्मेदाराना बयान दिए गए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने अपने संबोधन में इन सभी आरोपों का तथ्यों के साथ सिलसिलेवार खंडन करते हुए इसे कांग्रेस की एक सुनियोजित साजिश बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (स.ढ्ढ.क्र) देश में समय-समय पर मतदाता सूची के शुद्धीकरण हेतु की जाने वाली एक नियमित प्रक्रिया है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाने का कार्य करती है। यह प्रक्रिया चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार है, जिसके अंतर्गत वह मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करता है। इसके बावजूद विपक्ष अपनी हताशा में बार-बार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर प्रहार करता रहा, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता को सच्चाई से अवगत कराने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से लोकसभा में चुनाव सुधार पर हुई बहस के दौरान माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के उद्बोधन का प्रसारण किया गया, ताकि जनता विपक्ष की कुत्सित सोच और लोकतंत्र विरोधी साजिशों को समझ सके तथा वास्तविकता से परिचित हो सके।

वहीं पूर्व महापौर श्री जोगेश लांबा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का भाषण विपक्ष की सभी आशंकाओं और आरोपों का तथ्यात्मक जवाब है। उन्होंने कहा कि स्ढ्ढक्र जैसे सुधार लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाते हैं तथा इससे आम नागरिकों का चुनावी प्रक्रिया पर विश्वास और मजबूत होता है। श्री लांबा ने कहा कि भाजपा सदैव पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ी रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण को गंभीरता से सुना और लोकतांत्रिक सुधारों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष लक्की नंदा, रुक्मणी नायर, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोरा, जिला मंत्री कमला बरेठ, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा विजय राठौर, जिला संयोजक आईटी सेल अजय चन्द्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मंडल महामंत्री मिलाप बरेठ, पुनीराम साहू, वलराम विश्वकर्मा, नीरज ठाकुर, अनिल वस्त्रकार, दीप नारायण सोनी, गुलजार सिंह, शिव जायसवाल, दिनेश वैष्णव, रामकुमार त्रिपाठी, मदन गोपाल साहू, संजीव शर्मा, शिव चंदेल, राखी तिवारी, सरस्वती पटेल, मीरा सोनी, स्वाति कश्यप, पुष्पकला साहू, गोपलाल राठिया, ललेश दुबे व भरत सोनी सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 : सहज, सरल और पारदर्शी धान खरीदी

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की व्यवस्था को पूर्णतः सरल, पारदर्शी और किसान-अनुकूल बनाया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन और मार्गदर्शन में किसानों को टोकन प्राप्त करने से लेकर उपार्जन केंद्र में धान विक्रय तक हर चरण में सहज और सुविधाजनक प्रक्रिया उपलब्ध कराई जा रही है। तकनीक आधारित व्यवस्था और समिति के सहयोग से किसानों को समय पर अवसर मिल रहा है, जिससे अनावश्यक प्रतीक्षा और असुविधा समाप्त हुई है। परिणामस्वरूप आज किसान संतोष और आत्मविश्वास के साथ शासन की व्यवस्थाओं का लाभ ले रहे हैं।इस सुव्यवस्थित प्रणाली का प्रत्यक्ष उदाहरण ग्राम डोंगदरहा के कृषक श्री रामप्रसाद कंवर हैं।



साढ़े चार एकड़ भूमि के कृषक श्री कंवर आज 92 क्विंटल धान लेकर भैंसमा उपार्जन केंद्र पहुंचे। उन्होंने समिति के माध्यम से आसानी से टोकन प्राप्त किया, जिसके कारण निर्धारित समय पर बिना किसी परेशानी के धान विक्रय संभव हो सका। उपार्जन केंद्र पर पहुंचने पर तौल और अन्य औपचारिकताएं सुगमता से पूरी हुईं तथा कर्मचारियों द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।श्री रामप्रसाद कंवर ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने 93 क्विंटल धान का विक्रय किया था। शासन से प्राप्त राशि एवं अंतर की राशि को कृषक उन्नत योजना के अंतर्गत सदुपयोग करते हुए उन्होंने भैंस खरीदी, जिससे दुग्ध उत्पादन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हुई और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। इस वर्ष भी बेहतर व्यवस्था, सर्वाधिक समर्थन मूल्य और समयबद्ध प्रक्रिया के कारण वे पूरी तरह संतुष्ट हैं।

राज्य शासन द्वारा उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने, पेयजल, छाया, सुव्यवस्थित तौल और मार्गदर्शन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे किसानों को सम्मानजनक वातावरण मिल रहा है और धान विक्रय का कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अपनाई गई यह किसान-हितैषी व्यवस्था किसानों को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ा रही है।अंत में श्री रामप्रसाद कंवर सहित क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की सरल और भरोसेमंद नीतियों से किसान खुशहाल हो रहे हैं तथा भविष्य को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

## हरदीबाजार तहसील कार्यालय में कलेक्टर से स्थाई तहसीलदार व नायब तहसीलदार की उठी मांग

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत हरदीबाजार तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं व पक्षकारों के काम पिछले एक माह से ठप्प पड़े हैं। जिसकी वजह तहसीलदार का सेवा नहीं दे पाना बताया जा रहा हैं। वही दूसरी तरफ नायब तहसीलदार का तबादला होने से पद खाली पड़ा है। ऐसे में अधिवक्ताओं व पक्षकारों की परेशानी बढ़ गई है। जिसे लेकर हरदीबाजार अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को लिखित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि हरदीबाजार में पदस्थ तहसीलदार एसईसीएल दीपका प्रबंधन के साथ जमीन अधिग्रहण व मकान नापी कार्यों में व्यस्त होने के कारण तहसीलदार कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। जिससे न्यायलयीन प्रक्रिया जैसे नकल, आवेदनों की मार्किंग, विवादित प्रकरणों की सुनवाई, कृषकों से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। न्यायालयीन कार्यों में विलंब होने से आम पक्षकारों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। वही अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर से अतिशीघ्र तहसील में स्थाई तहसीलदार व नायब तहसीलदार पदस्थ करने की मांग की है। इसके बाद भी आज पर्यंत तक अधिवक्ताओं की मांग पत्र व समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। अधिवक्ता संघ हरदीबाजार के अध्यक्ष चंद्रशेखर भारद्वाज ने बताया कि 8 दिसंबर को कलेक्टर से मांग की गई थी। 16 दिसंबर हो गया है पर मांग पूरी नहीं हुई है। इससे अधिवक्ता सहित पक्षकार व कृषक व आम नागरिक परेशान हैं। इस समस्या का अतिशीघ्र निराकरण करने कहा है, जिससे रुके न्यायालीन प्रक्रियाओं को गति मिल सके।

## आरटीई: निजी स्कूलों में पहली में ही मिलेगा प्रवेश

**कोरबा ।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा से बड़ी संख्या में छात्र कट जाएंगे। क्योंकि नए शिक्षा सत्र में निजी स्कूल प्रबंधन को स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से यह आदेश जारी किया गया है कि वे केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश देंगे।

## 8 दीक्षार्थियों के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

**कोरबा ।** औद्योगिक नगरी कोरबा का कोना-कोना त्याग, तपस्या और वैराग्य के रंग में रंगा नजर आया। संसार की मोह-माया को त्यागकर संयम पथ पर कदम रखने वाले 8 मुमुक्षु भाई-बहनों के कोरबा नगर आगमन ने पूरे सकल जैन समाज को भक्ति और गौरव से भर दिया। मंगलवार का यह दिन कोरबा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया।बग्घियों पर सवार होकर निकले 'संयम के सिपाही' सुबह टी.पी. नगर स्थित पाटीदार भवन से जब श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर तक वरघोड़ा निकला, तो नजारा अलौकिक था।

सुसज्जित बग्घियों पर सवार इन पुण्यात्माओं को देखने के लिए शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।'दीक्षा ले लो रे, वीर की दीक्षा ले लो रे' के जयकारों और भक्तिमय भजनों से पूरा टी.पी. नगर क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कोरबा अंचल में समाज के हर वर्ग की महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने नाचते-गाते हुए दीक्षार्थियों की अनुमोदना की। सांसारिक सुखों को पीछे छोड़, मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ने वाले इन दीक्षार्थियों में 13 साल के बालक से लेकर 49 साल के अनुभवी साधक तक शामिल हैं। जिनमे शैलेन्द्र सकलेचा (49 वर्ष), एकता सकलेचा (47 वर्ष), आशीष सुराना (42 वर्ष), रितु सुराना (40 वर्ष), आर्यन सुराना (16 वर्ष) एवं आदित्य सुराना (14 वर्ष), सुकृति बैसाली (26 वर्ष) एवं तनीष सोनिगरा (13 वर्ष) आदि शामिल हैं।

वरघोड़े के बाद पाटीदार भवन में आयोजित समारोह में श्रद्धा का समंदर उमड़ पड़ा। समाज के वरिष्ठजनों ने तिलक लगाकर और शॉल ओढ़ाकर दीक्षार्थियों का सम्मान किया। 'भरे-पूरे परिवार और सुख-सुविधाओं के बीच इतनी कम उम्र में संयम का मार्ग चुनना असाधारण साहस है। यह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। समारोह का समापन सामूहिक गौतम प्रसादी (स्वरुचि भोज) के साथ हुआ। आयोजन समिति ने इस पूरे कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी स्वधर्मी बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## नगर निगम 10 एकड़ जमीन गेल को देगा 30 साल की लीज पर

**कोरबा ।** कोरबा-चांपा मार्ग में बसे बरबसपुर में प्रस्तावित कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना में 100 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होगी। इसके लिए नगर निगम 10 एकड़ जमीन गेल इंडिया लिमिटेड को 30 साल की लीज पर देगा। कंपनी अब टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने वाली है। माना जा रहा हैं की संयंत्र बनने से गीले कचरे के निपटान की समस्या दूर हो जाएगी।प्रदेश के 6 निकायों में कंप्रेस्ड बायोगैस केंद्र स्थापना के लिए 17 जनवरी 2025 को एमओयू हो चुका है। जिसमें कोरबा नगर निगम भी शामिल है। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण, गेल इंडिया लिमिटेड और भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच ही समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत ही गेल इंडिया ने डीपीआर बनाया है। निगम को प्रशासन से 10 एकड़ जमीन मिल चुकी है। इसके बाद गेल इंडिया के अधिकारियों की टीम स्थल निरीक्षण कर जा चुकी है। निगम क्षेत्र में 67 वार्डों से करीब 50 टन ठोस अपशिष्ट रोज निकलता है। लेकिन बायोगैस गीले कचरे से ही बनेगा। नगर निगम के साथ ही नगर पालिका दीपका, बांकीमोंगरा, कटघोरा और नगर पंचायत छुरी से भी गीला कचरा लिया जाएगा। संयंत्र की क्षमता 100 टन तक की होगी। इससे भविष्य में विस्तार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उम्मीद जताई जा रही हैं की जमीन मिलने के बाद अब नए साल से निर्माण शुरू हो सकता है। संयंत्र की स्थापना में गेल इंडिया और भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ही निवेश कर रही है। निगम को इसमें कोई भी राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही सूखे कचरे के निपटान के लिए भी नगर निगम ने तैयारी की है। इस हेतु बरबसपुर ट्रांमिल की स्थापना की जाएगी। इससे सूखे कचरे के निपटान में मदद मिलेगी।

संयंत्र में जो भी बायोगैस बनेगा उसकी बॉटलिंग भी कंपनी ही करेगी। कचरे को किस तरह संयंत्र तक ले जाना है इसके लिए भी अलग से योजना बनाई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम के डॉ. संजय तिवारी ने बताया की कंपनी से जमीन का लीज एग्रीमेंट की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू होगी। नए साल में काम शुरू होने की संभावना है।

## चिकित्सालय परिसर में खड़ी कंडम एंबुलेंस का पार्ट्स चोरी

**कोरबा ।** कोरबा जिले में आपातकालीन सेवा के तहत दौड़ने वाली 108 व 102 की एंबुलेंस के कंडम होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में खड़ा करा दिया जा रहा है। हालांकि परिसर में सामने की ओर स्वच्छता के लिए उक्त कंडम एंबुलेंस को पीछे के हिस्से में खड़ा कराया गया था। जहां चोरों ने उक्त एंबुलेंस को निशाना बनाते हुए कबाड़ के साथ ही अंदर मौजूद कई पार्ट्स की चोरी कर ली। अंदेशा जताते हुए बताया जा रहा हैं की चोर पीछे वन विभाग के प्लटिशन एरिया की ओर से दीवार फांदकर अस्पताल परिसर में पहुंच एंबुलेंस के सामान निकालकर ले जा रहे थे।

## नगर निगम के पूर्व अधिकारी के घर हुई लाखों की चोरी

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के पूर्व अधिकारी डा. शिरीन लाखे पिता स्व. एन.ए. लाखे (69 वर्ष) के आर.पी. नगर कोसाबाडी स्थित निवास क्रमांक 846 में लाखों की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट सिविल लाइन थाना रामपुर में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर की दोपहर 3 से 4 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर के दरवाजा का ताला तोड़कर आलमारी में रखे पुराने सोने का मंगलसूत्र 30 ग्राम, सोने का हार 2 नग लगभग 30-35 ग्राम, सोने का कडा 2 नग 30 ग्राम, सोने का टाप्स 3 नग 9 ग्राम, चांदी लगभग 100 ग्राम, नगदी रकम 50 हजार रूपये लगभग 4 लाख रूपये को चोरी कर लिया गया।

थाना सिविल लाइन रामपुर में उन्होंने बताया कि घटना दिनाँक 13 दिसंबर को वे अपने इलाज के लिए अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर परिवार के साथ सुबह 9 बजे गए थे। शाम लगभग 7 बजे वापस घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर ड्राइंग रूम का ताला टूटा हुआ और दरवाजा खुला हुआ मिला। अंदर घुसने पर बेडरूम और उसके पीछे का दरवाजा भी खुला था। घर में लगे सीसी टीवी देखने से दोपहर लगभग 3-4 बजे के मध्य वारदात का पता चला। डॉ. शिरीन लाखे की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर पता तलाश किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिले के विभिन्न राजस्व कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की प्रगति पर चर्चा हुई। उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निपटान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विवादित/अविवादित नामांतरण के आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को लंबित प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्शा बटांकन कार्यों को गंभीरता से लेने और अगले 15 दिनों में जिले भर में अभियान चलाकर इसमें उल्लेखनीय प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को सक्रिय होकर तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सभी एसडीएम को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी तहसीलों में लंबित 1 से 3 वर्ष, 3 से 5 वर्ष तथा 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित भू-अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों से व्यक्तिगत रुचि लेकर तत्परता के साथ कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने त्रुटि सुधार से संबंधित सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निराकरण करने और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभिलेख शुद्धता का कार्य तेजी से पूर्ण किया जाए, ताकि प्रकरणों के निराकरण में लंबित समय को कम किया जा सके और जनता को त्वरित सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने सभी विकासखण्डों में मसाहती ग्राम के सर्वे व नक्शा प्रकाशन की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए नक्शा प्रकाशन के कार्य मे तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने धान खरीदी कार्य में सभी राजस्व अधिकारियों को खरीदी के शुरुआत से ही मुस्तैद रहकर कार्य करने निर्देश दिए। अवैध धान के आवक पर रोक लगाने विभागीय समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।कलेक्टर श्री वसंत ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शून्य आदेश पत्रक, भू-अर्जन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, डिजिटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सिडिंग, स्वामित्व योजना, वन अधिकार पट्टा वितरण सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों पर चर्चा की।

## डीएम ने ली टीएल बैठक, विभागीय कार्यों की प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने टीएल के विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए फील्ड स्तर पर कार्यों की सतत समीक्षा की जाए साथ ही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूर्ण हो सके।समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समिति स्तर पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी पर नियमित मॉनीटिरिंग करने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या समस्या की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं। सभी समितियों में उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध होनी चाहिए। धान की तौल, भंडारण एवं उठाव की व्यवस्था सुचारू रूप से



संचालित की जाए तथा खरीदे गए धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि समितियों में अव्यवस्था की स्थिति न बने। कलेक्टर ने विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान का उठाव प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जिससे भंडारित धान को नुकसान से बचाया जा सके। इस हेतु संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करते रहने के निर्देश दिए।

जिले के दूरस्थ, वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्रों के अविद्युतीकृत गांवो में विद्युत आपूर्ति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विद्युत विभाग कटघोरा ग्रामीण संभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि डिवीजन अंतर्गत दूरस्थ विद्युतविहीन क्षेत्रों में डीएमएफ से विद्युत आपूर्ति पहुँचाई गई है, वहीं शेष ऐसे क्षेत्रों में शीघ्र विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जा रहे हैं।

कलेक्टर ने जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा उपरांत कमजोर छात्रों के लिए 22 दिसंबर से रिमेडियल क्लास प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंडों में कक्षा संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण रखने को कहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक आवास की व्यवस्था, वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं रेमिडियल क्लास के लिए छात्रों के पालकों की सहमति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने रिमेडियल क्लास हेतु योग्य विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं का चयन कर कक्षा संचालन कराने की बात कही। साथ ही नियुक्त व्याख्याता की मूल शाला की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्कूली छात्रों का आपार आईडी बनाने का कार्य भी प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने विद्यालयों में पेयजल आपूर्ति हेतु हैंडपंप की आवश्यकता वाले स्कूलों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने निर्देशित किया।

पीएम सूर्यघर योजना की क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए तथा प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने आंगनबाड़ी के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम को 15 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज अहर्ता वाले प्रकरण को दर्ज कर प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बाल संप्रेक्षण गृह की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके ब्लॉक का शीघ्रता से विभाग को हैंडओवर करने एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में डीएमएफ से की जाने वाली विशेषज्ञों की नियुक्ति एवं चिकित्सकीय उपकरण खरीदी कार्य को पारदर्शिता के साथ जल्दी पूरा करने कहा।

## जनदर्शन में 29 लोगों ने कलेक्टर को दिया समस्याओं का आवेदन

**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन के दौरान विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने सभी आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए नियमानुसार त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम नन्दौर कला के समस्त ग्रामवासियों ने धान समिति में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील सक्ती के वार्ड क्रमांक 4 निवासी मानोबाई केवट ने धान विक्रय हेतु फौत पंजीयन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पोरथा निवासी अर्जुन लाल यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष राशि दिलाने की मांग रखी। तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम नगरदा निवासी मोहरबाई ने निजी भूमि के मुआवजे से संबंधित आवेदन दिया। तहसील डभरा के ग्राम कांसा निवासी योगेंद्र प्रसाद चन्द्रा ने धान फसल के रकबे में मंडी आईडी सुधार कराने का आवेदन किया। तहसील सक्ती के ग्राम केरीबंधा निवासी भागीरथी पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मजदूरी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की। तहसील चन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम बिनौधा निवासी ओमप्रकाश पटेल ने ग्राम सालहे बिनौधा को उप तहसील कोटमी में शामिल करने एवं मनरेगा अंतर्गत पंचायत भवन स्वीकृत करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील भोथिया के ग्राम भोथिया निवासी हेमंत चन्द्रा ने भोथिया धान खरीदी केंद्र में खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग की। तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम मलदाकला निवासी शांति बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन दिया।

# बिजली विभाग ने बकायादारों के खिलाफ चलाया अभियान, कई के कनेक्शन काटे

**अकलतरा।** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा बकाया बिल वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बिजली विभाग की टीम ने हाल ही में 43 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटते हुए 89 उपभोक्ताओं से कुल 16 लाख 9 हजार रुपये वसूल किए। यह अभियान उन उपभोक्ताओं पर केंद्रित है जिन्होंने लंबे समय से विद्युत बिल का भुगतान नहीं किया है।



अकलतरा क्षेत्र में लगभग 41 हजार सक्रिय उपभोक्ता हैं, जिनका कुल बकाया बिल लगभग 61 करोड़ रुपये है। बिजली विभाग के सहायक यंत्री बीएल जांगड़े ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा बिल भुगतान में अनिच्छा दिखाई जा रही है, जिसके कारण विभाग को कनेक्शन काटने की कार्रवाई करनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं जिन्होंने दो महीने या उससे अधिक समय से बिल का भुगतान नहीं किया है। बकाया वसूली अभियान के तहत विभाग ने डोर-टू-डोर टीमों का गठन किया है। यह टीमें घर-घर जाकर बकाया बिल वसूली के साथ कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रही हैं। जांगड़े ने कहा कि केवल बिल का भुगतान नहीं करने वाले ही नहीं, बल्कि विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ उपभोक्ता दूसरे कनेक्शन से बिजली का उपयोग कर रहे हैं, वहीं कुछ ने मीटर बायपास कर विद्युत चोरी की है।

ऐसे मामलों में विभाग द्वारा पंचनामा तैयार किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी। बिजली विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल बकाया वसूली के लिए है, बल्कि इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को समय पर बिल भुगतान के लिए जागरूक करना भी है। विभाग ने जनता से अपील की है कि वे समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान करें ताकि कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## छत्तीसगढ़ सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में होंगे कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 दिसम्बर 2025 को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त श्री सुनील कुमार जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिलासपुर संभाग के सभी कलेक्टर की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए समयबद्ध ढंग से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने कहा। संभागायुक्त ने मंच, बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही उन्होंने पार्किंग स्थलों की व्यवस्था, आगंतुकों के लिए रूट चार्ट, वीआईपी मूवमेंट, हेलीपैड की तैयारी तथा सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, एडिशनल एसपी उदयन बेहार, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत ऋ1ड्डद्बश्चद्गस्र राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसंबर 2025 तक सायं 05.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा (छ.ग.) पिन 495668 के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट https://janjgir-champa.gov.in तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## सरदार वल्लभभाई पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

**चंडीपारा।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर चंडीपारा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## शिवरीनारायण में थाना प्रभारी बघेल ने संभाला पदभार

**जांजगीर।** शिवरीनारायण थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी का ट्रांसफर पहले सरगुजा हो चुका है। ऐसे में एसपी विजय कुमार पांडेय ने उन्हें शिवरीनारायण के थाना प्रभारी पद से रिलीव कर दिया है। अब उनके प्रभार का जिम्मा सहायक उप निरीक्षक रामप्रसाद बघेल को सौंपा गया है।रामप्रसाद बघेल, जो वर्तमान में पुलिस सहायता केंद्र, राहौद में प्रभारी हैं, अब शिवरीनारायण थाने के कार्यभार के अतिरिक्त प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे। यह आदेश जिले में थानों के सुचारू संचालन और बेहतर पुलिस सेवा के उद्देश्य से जारी किया गया है। पुलिस विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी व्यवस्था आगामी आदेश तक लागू रहेगी। जनवरी में थानों में एक बार फिर प्रभार में बदलाव हो सकते हैं।

## लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**सक्ती।** ऑल इंडिया लायनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी-1 के अंतर्गत स्वर्णिम लायनेस क्लब सक्ती द्वारा सक्ती में आयोजित रौताही मेले के दौरान मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। क्लब की सदस्यों ने मेले में बाहर से आए जरूरतमंद दुकानदारों, सड़क किनारे ठेले लगाने वाले लोगों व बंजारा समुदाय के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। इस सेवा कार्य का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान शालू पाहवा, अनीता सिंह, विजिया जायसवाल, अल्का कंवर, पूनम साहू, प्रभा जायसवाल, निकहत करीम खान, अनीता राठौर, संगीता तिवारी, शहनाज बानो उपस्थित रहीं।

## 3 लाख पुस्तिकाओं का प्रकाशन 12 जनवरी तक चलेगा अभियान

**गेवरा दीपका।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस एवं हिंदू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कोरबा के अलावा ग्रामीण अंचलों में राम नाम लेखन महायज्ञ को व्यापक प्रतिसाद मिल रहा है। इस आरएसएस के स्वयं सेवक लल्लू सिंह ने बताया कि यह महायज्ञ 18 दिसंबर से प्रारंभ होकर 12 जनवरी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस तक चलेगा। घर घर तक पहुंची राम लेखन पुस्तिका को लिखने बड़ी संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की सहभागिता जायदा दिख रही है। अभियान का उद्देश्य राम नाम लेखन के माध्यम से समाज में राष्ट्रभावना, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। लल्लू सिंह ने बताया कि कोरबा जिले में तीन लाख राम नाम लेखन पुस्तिका का प्रकाशन किया गया। यह पुस्तिका 18 से 24 दिसंबर के बीच लेखन कार्य कर वापिस करना होगा। जिले भर में राम नाम लेखन के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

इसके पश्चात 25 दिसंबर को बस्तियों और ग्रामों में राम नाम की पुस्तिकाओं का एकत्रीकरण होगा, जिसमें यज्ञ, पूजन, प्रवचन तथा राम खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा। 26 दिसंबर को मंडल स्तर पर सभी ग्रामों से राम नाम पुस्तिका आ जाएगी, वहीं 26 और 27 दिसंबर को मंडलों में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न किए जाएंगे।

## अधिवक्ता संघ चुनाव, अध्यक्ष के लिए दो नामांकन जमा

**जांजगीर।** जिला अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। दो दिन से नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। पहले दिन नरेश शर्मा ने नामांकन भरा था। दूसरे दिन इस पद पर राजेश पांडे ने अपनी दावेदारी पेश की। इस पद पर अब तक दो ही नाम सामने आए है। 18 को छुट्टी होने के कारण 19 दिसंबर तक नामांकन व स्क्रूटनी का काम होगा। चुनाव अधिकारी उपाध्यक्ष पद पर पहले दिन सनत कुमार पटेल ने नामांकन भरा था। मंगलवार को दिनेश कुमार राठौर ने इस पद पर के लिए नामांकन दाखिल किया। ग्रंथालय सचिव पद के लिए भी उम्मीदवार के रूप में कमल पांडे का नाम सामने आया है। हालांकि सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पदों के लिए अभी तक कोई प्रत्याशी सामने नहीं आए हैं। सचिव पद पर अभी तक सूरज पुरी गोस्वामी ने ही दावेदारी पेश की है। कोषाध्यक्ष पद पर भी परिवर्तन देखने को मिला है, जहां अब पहले दिन दीपक कुमार राठौर ने नामांकन दाखिल किया। मंगलवार को राजकुमार साहू ने दावेदारी पेश की वहीं, कार्यकारी सदस्य पदों के लिए भी कई नाम सामने आए हैं, जिनमें प्रमुख हैं - कृष्ण कुमार सिंह, शत्रुघ्न दास मानिकपुरी, किरण कुमार यादव, शिवनारायण कर्ष, कुंवर राम, तथा महिला सदस्य के रूप में मंजू रात्रे सहित एक और का नामांकन दाखिल हुआ।

## जिले में रोजगार मेला का आयोजन, निजी क्षेत्र के नियोजको द्वारा 266 पदों पर होगी भर्ती

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कुल 07 नियोजक भाग लेंगे, जिनके माध्यम से लगभग 266 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजको द्वारा मेटलर्जी इंजीनियर, ट्रेलर ड्राइवर, जनरल मैनेजर (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल), आईटीआई टर्नर, मशीनिस्ट, हेड एनवायरनमेंट, हेड सस्टेनेबिलिटी, बॉयलर डीसीएस इंजीनियर, बॉयलर फील्ड ऑपरेटर, टरबाइन डीसीएस इंजीनियर, शिफ्ट इंजीनियर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में सिक्योरिटी गार्ड, फील्ड ऑफिसर, एग्रीकल्चर ऑफिसर, सेल्स ऑफिसर, हेल्थ एडवाइजर, बीमा सखी (ग्रामीण बीमा अभिकर्ता) जैसे पदों पर भी भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र के पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता बी.ई./बी.टेक./आईटीआई, जबकि अन्य पदों हेतु 10वीं, 12वीं एवं स्नातक निर्धारित की गई है।

कब और कहां लगेगा रोजगार मेला

मुरलीडीह रोड, अकलतरा में, 26 दिसम्बर 2025 को जनपद पंचायत बलौदा के समरसता भवन, ग्राम पंचायत जावलपुर में, 07 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी 2026 जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल (जी.एल.डी.), स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के इच्छुक युवा जो रोजगार मेले में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, जांजगीर-चाम्पा से संपर्क किया जा सकता है।

## प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर अभिमन्यु राठौर को भाजपाईयों ने दी नेताओ ने दी बधाई

**चांपा।** विगत दिनो भारतीय जनता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहु ने अपने प्रदेश की कार्यकारिणी घोषित की जिसमे उन्होंने जांजगीर के युवा कार्यकर्ता अभिमन्यु राठौर को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाकर नवीन दायित्व सौंपा है अभिमन्यु शुरु से विधार्थी परिषद से जुड़े हुए कार्यकर्ता रहे है वे पूर्व मे भाजपा आई टी सेल के जिला संयोजक व भाजपा के जिला मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके उन्होंने अपने इस नवीन दायित्व के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है जितेंद्र देवांगन पंकज अग्रवाल राहुल सेन सदीप उपाध्याय अनुराग तिवारी ने अभिमन्यु को इस नवीन दायित्व के लिए विशेष रुप से बधाई दी है

## युक्तधारा पोर्टल से पंचायतों के विकास को नई दिशा 282 ग्राम पंचायतें जीआईएस प्रणाली से जुड़ी

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को अधिक पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जिले में ग्राम पंचायतों के विकास को वैज्ञानिक और पारदर्शी स्वरूप दिया जा रहा है। जिले की कुल 334 ग्राम पंचायतों में से 282 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसके माध्यम से अब गांवों का विकास केवल मांग आधारित न होकर वास्तविक भौगोलिक और संसाधन आधारित आंकड़ों पर किया जाएगा।

कलेक्टर के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में बलौदा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़ और बम्हनीडीह विकासखंडों में इस प्रणाली को प्रभावी रूप से अपनाया जा रहा है। पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को युक्तधारा पोर्टल एवं क्लार्ट के उपयोग हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

युक्तधारा पोर्टल के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से ग्राम संसाधनों का विस्तृत डाटा एकत्र किया जा रहा है। इसमें जल स्रोत, तालाब, नाले, सड़क, भवन, कृषि भूमि, बंजर भूमि, वन क्षेत्र, शिक्षण संस्थान, आंगनबाड़ी, पेयजल स्रोत, शौचालय, पुल-पुलिया, सामुदायिक भवन सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं की जानकारी शामिल है। यह संपूर्ण डाटा जीआईएस मैप से मिलान कर पोर्टल में अपलोड किया जा रहा है। पंचायतों में संसाधन मानचित्रण के लिए रोजगार सहायकों एवं पंचायत सचिवों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जो स्थल निरीक्षण कर सैटेलाइट मैप से आंकड़ों का सत्यापन कर रही हैं। युक्तधारा पोर्टल भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय और इसरो की संयुक्त पहल है, जिसके माध्यम से गांव का सैटेलाइट दृश्य उपलब्ध होता है और डिजिटल आकलन संभव हो पाता है।

इस प्रणाली से जलभराव और जल संकट वाले क्षेत्रों की अलग-अलग पहचान की जा रही है। इसके आधार पर तालाब, जलाशय, चेक डैम, लघु सिंचाई संरचनाएं, भूमि सुधार एवं नाला सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जीआईएस आधारित योजना से प्रत्येक ग्राम पंचायत की प्राथमिकता सूची, उपलब्ध संसाधन, विकास की कमियां, भौगोलिक बाधाएं तथा सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताएं स्पष्ट रूप से सामने आ रही हैं, जिससे गांवों का सतत और संतुलित विकास सुनिश्चित होगा।

## मध्यान्ह भोजन प्रकरण में कड़ी कार्रवाई, प्रधान पाठक निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में चौराभांटा शासकीय पूव माध्यमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में लापरवाही प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौराभांठा की प्रधान पाठक श्रीमती किरण लता शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्रकरण की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मध्यान्ह भोजन संचालन में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया। इसके मद्देनज़र विद्यालय में कार्यरत राहुल महिला स्व-सहायता समूह को कार्य से पृथक करते हुए उसके स्थान पर दूसरे पात्र महिला स्व-सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही प्रकरण में पर्यवेक्षण स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित मध्यान्ह भोजन प्रभारी जगेश्वर सिंह शिक्षक एल बी शास पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा की असंचयी प्रभाव से दो वेतनवृद्धि रोकने के आदेश संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्यालयों में सतत निरीक्षण और निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

## रबी मौसम 26 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के रबी मौसम के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। योजना के तहत टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज जैसी बागवानी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि तक किसान अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। अऋणी किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए स्वयं आवेदन करना होगा। इसके लिए नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, अधिकृत बैंक शाखा अथवा मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि तकनीकी अथवा दस्तावेज संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। समय पर फसल बीमा कराने से आपदा की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी। फसल बीमा कराने हेतु बीमा प्रतिनिधि अरविंद रात्रे (मो. 9754516915) तथा विकासखंड नवागढ़ के टी.आर. दिवाकर, मो. 9174313480, विकासखंड अकलतरा के श्रीमती बेबी राठौर, मो. 9131449978, विकासखंड पामगढ़ के संदीप जायसवाल मो. 8878391714, विकासखंड बलौदा के शिव सिंह पैकरा मो. 7748095526 से संपर्क किया जा सकता है।

# शिक्षा सचिव-संचालक को टीचर्स एसोसियेशन ने सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर चांपा ।** वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद के साथ शेष पदोन्नति पूर्ण करने एसोसिएशन ने किया चर्चा।

टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप,पुनर्विचार याचिका दायर किया जावे।पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो का शीघ्र निराकरण हो इस संबंध मेंछत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात करके एवं ज्ञापन सौंपकर 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद देते हुए सभी संवर्ग के शेष पदोन्नति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने, टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप,पुनर्विचार याचिका दायर करने, पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो के शीघ्र निराकरण करने का ज्ञापन सौंपा है ।



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव डॉ.बोधी राम साहू ने बताया कि चर्चा में उप संचालक लोक शिक्षण आशुतोष चावरे व उप संचालक ए.एन बंजारा , सहायक संचालक एच.सी. दिलावर, सहायक संचालक ए.डी. कुर्रे, ने कहा कि अभी प्राथमिकता से प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने, व्याख्याता पदोन्नति व रायपुर संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति पर उपाय बनाया जा रहा है, टीईटी के विषय मे शिक्षक घबराएं नही बल्कि उनके हित मे ही विभाग है, अभी जल्दबाजी की बात नही है। अन्य सभी मांग पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से निम्नांकित मांग विभाग के संज्ञान में प्रस्तुत किया है जिसमें कहा गया है कि शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया लम्बे समय से लंबित होने के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, अतएव व्याख्याता ई संवर्ग के पदों पर पदोन्नति लंबित है, रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया अविलम्ब पूर्ण की जाए। प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक), शिक्षक तथा प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) के सभी जिले के रिक्त पदों पर कलेंडर तय कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने निर्देश जारी की जाए।टीईटी अनिवार्यता के संबंध में मांग किया गया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक से सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था, अत: माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप,पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जावे।

हस्तक्षेप,पुनर्विचार याचिका में निर्णय सकारात्मक नही आने पर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने विभिन्न चरणों में शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित किया जा सकता है। पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो के शीघ्र निराकरण करने मांग किया गया है जिसमें एल बी संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन निर्धारण, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन व क्रमोन्नति / समयमान का जनरल आर्डर जारी करने हेतु पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अत: पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जावे।भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया गया है, सेवानिवृत होने पर छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है, जिसे भारत सरकार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन का 50त्न) का प्रावधान किया जावे।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक ङ्ख/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का जनरल आर्डर जारी किया जावे प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य, बिलासपुर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## जल संरक्षण को बढ़ावा देने पुरगांव में अभियान

**पुरगांव।** जनपद पंचायत बिलाईगढ़ क्षेत्र में जल संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जल संगवारी कार्यक्रम का आयोजन बुधवार शाम 4 बजे ग्राम पंचायत पुरगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे करेंगे। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के सीएमओ ने क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को आमंत्रण पत्र जारी किए हैं। आमंत्रित पंचायतों में पुरगांव, करियाटार, खुरसुला, मल्दी, भण्डोरा, सिंघीटार, लिमतरी, सहित अन्य शामिल हैं।

## अनमोल वचन......

**मुझे एक पेड़ काटने के लिए छह घंटे दीजिए और मैं पहले चार घंटे कुल्हाड़ी तेज करने में बिताऊंगा।**

## इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय

क्रोनी कैपिटलिज्म में राजसत्ता पसंदीदा पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाती है। यह लाभ पाने के लिए पूंजीपति सत्ताधारियों को प्रसन्न रखने की कोशिश करते हैं। जबकि इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय नजर आया और आखिरकार उसने घुटने टेक दिए। इंडिगो एयरलाइन्स के मामले ने बताया है कि भारत में सरकार और उपभोक्ता दोनों कॉरपोरेट्स- खासकर मोनोपॉली कायम कर चुकी कंपनियों के आगे असहाय हैं। इस प्रकरण का संदेश है कि क्रोनी कैपिटलिज्म जैसी बातें पुरानी पड़ चुकी हैं। क्रोनी कैपिटलिज्म में फिर भी शक्ति प्रमुख रूप से राजसत्ता के पास ही होती है, जो अपने पसंदीदा पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाती है। यह लाभ पाने के लिए पूंजीपति सत्ताधारियों को प्रसन्न रखने की कोशिश में जुटे रहते हैं। जबकि इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय नजर आया और आखिरकार उसने घुटने टेक दिए। घटनाक्रम पर ध्यान दीजिए: उड़ान को सुरक्षित बनाने के लिए भारत सरकार ने नियम जारी किए। इंडियो एयरलाइन्स को वे नियम पसंद नहीं आए, क्योंकि उससे उड़ान संचालन की लागत बढ़ने वाली थी। उसने उन नियमों पर आपत्ति जताई, मगर सरकार ने उसे नजरअंदाज किया। इस बीच इंडिगो टिकट बुकिंग करती रही। उड़ानों को रद्द करने की पूर्व चेतावनी उसने जारी नहीं की। और अचानक रद्द करना शुरू कर दिया। उसे अंदाजा जरूर रहा होगा कि ऐसा होने पर खूब शोर-शराबा होगा- आखिर विमान यात्रा करने वाले लोग प्रभु वर्ग आते हैं, जिनकी नाराजगी सरकार मोल नहीं ले सकती। आखिरकार सरकार को अपने दिशा-निर्देश वापस लेने पड़े। इंडिगो ने बुकिंग महीनों पहले की थी। उस रकम पर उसने ब्याज कमाया। रिफंड उड़ान रद्द होने के बाद किए गए। तो नुकसान में यात्री रहे। मगर इंडिगो के फंट ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों पर भड़कने के अलावा कुछ और करना उनके वश में नजर नहीं आया। नए नियम क्या थे। यही कि पायलटों से आठ घंटे काम लिया जाए और उन्हें पर्याप्त छुट्टी दी जाए। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, लेकिन प्रति विमान उपलब्ध पायलटों की संख्या के लिहाज से (प्रति विमान 13) वह पांचवें नंबर आती है। उसके कर्मचारी काम के कैसे बोझ में रहते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। स्वाभाविक है कि पायलट एसोसिएशन ने नियम वापस लेने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। मगर मोनोपॉली व्यवस्था में जब सरकार अपनी नहीं मनवा सकती, तो कर्मचारी या उपभोक्ता क्या सोचते हैं- इसे कौन पूछता है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा, आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

**कर्क राशिः** आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिन्दगी में आज नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशियां लाएगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे, जिससे आपको कुछ राहत मिले। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नई दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। अन्न धन में बढ़ोतरी होगी। आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नई दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका समय अपनों के साथ अच्छा बीतेगा।

**धनु राशिः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यावसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों तथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

# नाभिकीय ऊर्जा मिशन

//अनिल काकोडकर//

**विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 जीडब्ल्यू बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है।**

हालाँकि यह बहुत महत्वांकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष्य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 जीडब्ल्यू से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि एनपीसीआईएल, एनटीपीसी और भाविनी के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए । पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए एनपीसीआईएल को अपने प्रोग्राम को कार्यान्वित करते समय पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।

निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा। निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज़्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की ज़रूरत बन जाएगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना ज़रूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन में काम आएगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज़्यादातर देश इस्तेमाल किए गए नाभिकीय ईंधन के स्थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाए हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष्ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण ऊद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की ज़रूरत है। मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज़्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज़्यादा ज़ोर देना ज़रूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जाएगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज़्यादा ज़रूरी हो जाता है।

हमें यह मानना होगा कि हमारे पीएचडब्ल्यूआर सिस्टम सबसे ज़्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन चक्र को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खासकर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में। जबकि थोरियम को विखडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए द्रुत प्रजनक विकास को तेज़ करने की ज़रूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी पीएचडब्ल्यूआर क्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो पीएचडब्ल्यूआर ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज़ करने का एक आसान विकल्प देते हैं। इस मकसद के लिए ज़रूरी विकास का काम परमाणु ऊर्जा विभाग में अनुसंधान एवं विकास पर मुख्यतः केंद्रित होना चाहिए, भले ही सरकारी और निजी क्षेत्र में नाभिकीय स्थापनाएं मानकीकृत और सिद्ध डिज़ाइन का इस्तेमाल करके तेज़ी से क्षमता बढ़ा रही हों। हम आशा कर सकते हैं कि प्रस्तावित नाभिकीय विधेयक सभी हितधारकों की चिंताओं को दूर करेगा, जिसमें ऊपर बताए गए कुछ हितधारक भी शामिल हैं और नाभिकीय ऊर्जा मिशन को उम्मीद के मुताबिक लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा।

# अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर भारत

//हरिशंकर व्यास//

**भारत अब अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर है। इन तीनों देशों के मुखियाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फोटो खिंचवाते हैं। और इसकी हकीकत ही भारत की विदेश नीति का खुलासा है। सोचें, इस सवाल पर कि 1947 से 2025 के 78 वर्षों में भारत की विदेश नीति में वह क्या है, जिससे 140 करोड़ लोगों की सामरिक-सुरक्षा, भू-राजनीतिक आवश्यकता का कोर प्रकट हो। यह गंभीर और बड़ा सवाल है। मोटा-मोटी लगेगा कि नेहरू से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक भारत राष्ट्र-राज्य की बुद्धि से उपजी विदेश नीति में आग्रह है कि हम स्वतंत्र नीति- निर्णय की अपनी क्षमता बनाए रखें। न इधर लुढ़कें और न उधर। किसी खेमे, किसी गुट में फंसे बिना भारत अपने रणनीतिक विकल्प खुले रखे। अंदरूनी और बाहरी सभी मोर्चों में भारत के मौके रहें!**

यही शायद सर्वमान्य जवाब है। उस नाते जवाहरलाल नेहरू और नरेंद्र मोदी, यानी नेहरू के आईडिया ऑफ इंडिया तथा मोदी के हिंदू आईडिया ऑफ इंडिया, दोनों के छोर एक ही नदी के दो पाट हैं। इसलिए आश्चर्य नहीं कि संघ परिवार ने ताउम्र सोवियत संघ, चीन-रूस से एलर्जी रखी, लेकिन उसके प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिंदुवाद आया तो वह भी शी जिनपिंग, पुतिन और ट्रंप-सभी के लिए समान भाव से पलक पांवड़े बिछाए रहता है।

इससे क्या जाहिर है? हिसाब से भारत एक सभ्यतागत देश है। उसका अस्तित्व उसके इतिहास, भूगोल, समाज-संस्कृति से उत्प्रेरित अनुभवों और भविष्य की चिंताओं में गुंथा हुआ है। यह हमेशा के लिए, आगामी पचास-सौ सालों में 160-170 करोड़ आबादी के पीक पर भी भारत राष्ट्र पर प्रश्नचिन्ह लगाए रखेगा! और मेरा मानना है कि पृथ्वी पर ऐसा कोई दूसरा देश नहीं है जिसकी चिंताएं, जिसका खोखलापन भारत जैसा हो!

बात जमती नहीं? तो ज़रा एक-एक महाशक्ति पर गौर करें। भारत के मुकाबले अमेरिका इसलिए

चिंतामुक्त है क्योंकि अमेरिका के पड़ोस में न कोई जानी-दुश्मन प्रतिद्वंदी देश है और न उसका भूगोल चीन-रूस जैसे खतरे लिए हुए है। 250 वर्षों के अमेरिकी इतिहास का वैसा कोई अनुभव नहीं है जैसा भारत का है। अमेरिका भूगोल, इतिहास के अलावा समाज-संस्कृति-तंत्र के मामले में भी वैसी चिंता-चुनौती में नहीं है जैसे भारत फंसा हुआ है। अमेरिका की राजनीतिक-शासकीय-वैचारिक व्यवस्था में पुख्ता चेक-बैलेंस है, तो नागरिकों को वह स्वतंत्रता और पूंजीवाद प्राप्त है, जिससे लोगों के व्यक्तिगत जीवन को अंतरिक्ष में बस्ती बसाने तक के स्वतंत्र पुरुषार्थी पंख प्राप्त हैं। और ऐसा होना उसके वैश्विक वैभव की गारंटी है।

अब अमेरिका के बराबर पहुंचे चीन पर विचार करें। चीन को भी भूगोल और इतिहास से वह कोई चिंता-ग्रंथि-चुनौती नहीं है, जिससे वह अपने पड़ोस के रूस, भारत या जापान की चिंता करे। चीन हर तरह से न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह कन्फ्यूशियस अनुशासन के मानसिकङ्कसामाजिक ढांचे में ऐसा गुंथा है जिसमें, चीन का नागरिक सामूहिक व्यवस्था और राज्य की नैतिक सर्वोच्चता को सहजभाव स्वीकारता है। उसके इस एकांगी अनुशासन से ही चीन पूरे इतिहास में राजनीतिक शक्ति, सामाजिक स्थिरता और सामरिक रणनीति में दो-टूक रहा है।

हां, हम हिंदुओं की तरह चीनियों की सरज़मी भारत जैसी हजार साल की गुलामी, बिखराव तथा भय-भूख-भक्ति के अनुभवों में उथली नहीं है। चीनी आबादी को सभ्यता-संस्कृति की स्मृति के वैसे कोई घाव नहीं हैं, जैसे भारत की मनोदशा में हैं। मतलब बाहरी और अंदरूनी दोनों मोर्चों पर चीन अपने कुएं की वह गहराई लिए हुए है, जिसके चलते उसे सुरक्षा, निश्चिंतता है। वह भाषा, रहन-सहन, धर्म, खान-पान, मनोरंजन, नस्लीय अहंकार आदि सभी में बाहरी चिंताओं से मुक्त है। वह सुरक्षा के आत्मविश्वास में जीता है। सो, नस्ल मेहनती, स्वाभिमानी और बर्बरता की ड्रैगन तासीर लिए हुए है। तभी आश्चर्य नहीं जो अत्यधिक आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण तथा पश्चिमी अमेरिकी पूंजी-तकनीक के बावजूद चीन अपनी ही सभ्यता-संस्कृति की शर्तों पर दुनिया की महाशक्ति बना है।

लगभग ऐसी ही स्थितियों में रूस है। जारशाही से लेकर सोवियत संघ और रूस के अनुभवों में स्लाविक नस्ल भी भूगोल, इतिहास और संस्कृति-सभ्यतागत तासीर की सुरक्षित एकरूपता के अस्तित्वजन्य भरोसे में जीता आया देश है। भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से वह अमेरिका, चीन जैसी एकरूपता में ढला है। जारशाही, सोवियत संघ और आज का रूस–सभी एक स्लाविक सांस्कृतिक निरंतरता की छतरी में पनपे। रूस की राष्ट्रीय चिंता में पश्चिम (यूरोप) से सुरक्षा का एक कोण रहा है, जिसमें वह संसाधन-संपन्न भूगोल से लगभग हमेशा सुरक्षित रहा है।

अब पश्चिम यूरोप, फ्रांस-ब्रिटेन यानी पश्चिमी सभ्यता पर गौर करें तो वहां भी चीन-रूस और इस्लाम, के खतरों के बावजूद उसके इतिहास, भूगोल, धर्म, सभ्यता-संस्कृति में भारत जैसी दशा का वैसा कुछ भी नहीं है, जिससे अंदरूनी और बाहरी चुनौतियों में वह बेबस हो। हिंदुओं में कई लोग सोचते हैं कि पश्चिमी सभ्यता, मतलब लंदन, पेरिस और यूरोप का देरसबेर इस्लामीकरण होगा। मुसलमानों की संख्या मौजूदा यूरोप के आगे अस्तित्व का संकट बनाएगी। ऐसा कुछ नहीं होना है। इसलिए क्योंकि यूरोपीय देश, पश्चिमी सभ्यता हर तरह से समर्थ है। अगले पचास-सौ

सालों के सिनेरियो में यूरोप अंततः वैश्विक महाशक्तियों (परंपरागत चीन, अमेरिका, रूस) के प्रभुत्व संघर्ष का ही एक खिलाड़ी होगा। और वह हमेशा ठोस, ओलंपिक गोल्ड की क्षमताओं वाला प्रतिद्वंदी खिलाड़ी होगा।अब सोचें, इन सबकी तुलना में दुनिया की सर्वाधिक आबादी लिए हुए भारत की क्या स्थिति है। भूगोल, इतिहास, सभ्यता-संस्कृति से लेकर अंदरूनी खाइयों, फॉल्टलाइंस में भारत के आगे इतनी

अधिक चुनौतियां हैं कि यदि हिसाब लगाने बैठें और वर्तमान दशा-दिशा पर गौर करें तो लगेगा कि हम मानों कुंभकर्ण हैं, अंतहीन नींद में हैं। एक तरफ भारत दो परमाणु पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान से घिरा हुआ है। तो दूसरी ओर वह जातीय, भाषायी, धार्मिक खाइयों में सांस लेता है। अमेरिका, चीन, रूस या जापान जैसी कोई एकरूपता भारत को प्राप्त नहीं है। लाख टके का अगला सवाल है कि उत्तर में चीन और पश्चिम में पाकिस्तान जैसे दो जानी दुश्मनों का बाहरी संकट ज्यादा भारी है या इतिहास की अंदरूनी ग्रंथियों में हिंदू बनाम मुस्लिम, जातीय-भाषायी, सामाजिक खाइयों की कगार अधिक गंभीर है। सीमाओं की सुरक्षा या सीमा प्रबंधन की चुनौतियों को प्राथमिक मानें या अंदरूनी चुनौतियों के राजनीतिक-सामाजिक प्रबंधन को। कल्पना कर सकते हैं कि कैसा विकट मामला है।अब 1947 से 2025 तक भारत के अंदरूनी प्रबंधन के साथ बाहरी सुरक्षा-भूराजनीति के प्रबंधों पर जरा गौर करें। पर इसके लिए भी पिछले 78 वर्षों में अमेरिका, रूस, चीन, जापान, इज़राइल या तुर्की जैसे सभ्यतागत राष्टों की भारतीय विदेश नीति से तुलना करनी होगी। क्या तस्वीर उभरेगी? बहुत त्रासद। भारत विश्व राजनीति में अकेला वह लोटा है जो लुढ़कते-लुढ़कते दिशाहीन नियति लिए हुए है!

प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निर्गुट आंदोलन हो, या अमन के मसीहा होने का (संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का फच्चर फंसाने से लेकर 'हिंदी-चीनी भाई-भाई') इलहाम या नरेंद्र मोदी का शी जिनपिंग को झूले झुलाने, लाहौर में नवाज़ शरीफ के घर पकौड़े खाने, या ओबामा-ट्रंप को चाय पिलाने, या पुतिन के गले लगने की कूटनीति से विश्व नेता कहलाने के शगल के लब्बोलुआब में यह साफ दिखेगा- भारत में विदेश नीति राष्ट्र सर्वोपरि से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के ख्यालों, अवसरवाद का लोटा है। मतलब भारत की विदेश नीति बिना संस्थागत बुनावट के है। तभी लोटे को यह ध्यान ही नहीं होता कि देश दुश्मन का बाजार बन रहा है या अंदरूनी लड़ाई में वह धीर-धीरे सुलग रहा है!


तभी नेहरू को भान ही नहीं हुआ कि उन्होंने कैसे साठ के दशक में चीन को मौका दिया तो मोदी सरकार को भी बोध नहीं है कि भारत की आर्थिकी अब कैसे चीन की बंधक है। बंधक होना क्या होता है इसका ताजा उदाहरण दुर्लभ खनिज सप्लाई में चीन की धौंसपट्टी है। कुछ साल पहले जापान के साथ चीन का कुछ समुद्री टापू को लेकर झगड़ा हुआ था। चीन ने तब उसे दुर्लभ खनिज देना बंद कर दिया। जापान के हाथ पांव फूले। जापान ने तुरंत ऑस्ट्रेलिया में निवेश कर विकल्प बनाना शुरू किया। ऐसे ही ट्रंप के टैरिफ वार में चीन ने खनिज देना बंद किया। ट्रंप को संकट समझ आया और चीन की शर्त पर हाल में करार किया। मतलब यह कि चीन टेंटुआ दबाने की प्रवृति वाला देश है। भारत उसके टारगेट में है। वह अरूणाचल को अपना प्रदेश बताता है। पाकिस्तान और रूस दोनों चीन पर निर्भर हैं। तो भारत का बाजार भी चीन पर आश्रित। तब भारत की नीति क्या है। लुढ़कता लोटा और अवसरवाद।ऐसे ही पाकिस्तान का मसला है। उसके लिए कश्मीर और आतंक महज औज़ार हैं, इतिहासजन्य हिंदू बनाम मुस्लिम घावों को सतत हवा देते रहने के लिए। भारत के अंदरूनी राजनीतिक-सामाजिक प्रबंधों को फेल करने के एक दीर्घकालीन मकसद में।

पर इसे भारत न 1947 में समझ पाया और न 2025 में समझा हुआ है। 1950 का लियाकत- नेहरू समझौता हो या ताशकंद या शिमला समझौता, पाकिस्तान हमेशा उसी भाव में भारत को देखता रहा है जैसे 1948 से चीन के नेताओं ने भारत को तौला हुआ है। मतलब पाकिस्तान से चुनौती केवल आतंक या एटमी शक्ति होने की ही नहीं है, बल्कि उस इस्लाम से भी है, जिसके हवाले भुट्टो ने हज़ार साल लड़ते रहने के डायलॉग मारे थे। वही चीन के माओ ने कहा था भारत है एक गाय, बैलगाड़ी का एक बैल!

## तस्वीरों की दुनिया



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की।



नई दिल्ली में बारापुला ब्रिज फेज-3 का निर्माण कार्य जारी है।



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में भारतीय खेल प्राधिकरण के पहले क्षेत्रीय निदेशकों के सम्मेलन को संबोधित किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ नई दिल्ली में सुनहरी नाले में चल रहे गाद हटाने के काम का निरीक्षण किया।



नई दिल्ली में सुनहरी नाले में मजदूर गाद हटाने का काम कर रहे हैं।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ राष्ट्रपति भवन में परमवीर चक्र दीर्घा के उद्घाटन के दौरान।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला 2 और म्यूज़ियम की वाइस-चेयर, प्रिंसेस सुमाया बिंत अल हसन के साथ, अम्मान, जॉर्डन में जॉर्डन म्यूज़ियम में।

## मेसी के कार्यक्रम में हंगामे पर गई बंगाल के खेल मंत्री की कुर्सी, दो अधिकारी नपे, तीन को नोटिस



**कोलकाता।** साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेसी के कार्यक्रम के कुप्रबंधन मामले में बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिश्वास की कुर्सी चली गई, उन्हें मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वह खुद को पद से मुक्त करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए खेल विभाग फिलहाल अपने पास रखा है। इस्तीफा देने के बावजूद बिश्वास मंत्री बने रहेंगे क्योंकि उनके पास अभी भी बिजली व आवास विभागों का दायित्व है।बिश्वास पर कार्यक्रम वाले दिन अपने लोगों के साथ मेसी को लगातार घेरे रखने का आरोप है, जिसके कारण दर्शक दीर्घा में बैठे लोग अपने प्रिय फुटबालर को नहीं देख पाए और हंगामा मचाना शुरू कर दिया। बंगाल सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) असीम कुमार राय की अध्यक्षता वाली जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर खेल विभाग के प्रधान सचिव राजेश कुमार सिन्हा, राज्य पुलिस के महानिदेशक (डीजी) राजीव कुमार व बिधाननगर कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त (सीपी) मुकेश कुमार को कुप्रबंधन मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे 24 घंटे के अंदर नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।दूसरी तरफ बिधाननगर के उपायुक्त (डीसी) अनीश सरकार को निलंबित कर दिया गया है।

### पीएम मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

# द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया पाने वाले मोदी पहले वैश्विक नेता

**अदीस अबाबा, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया। यह पुरस्कार अदीस अबाबा में अंतरराष्ट्रीय सम्मलन केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान किया गया।सम्मान से नवाजे जाने पर मोदी ने कहा कि यह मेरी लिए बड़े सम्मान की बात है और अविस्मरणीय अनुभव है। मैं इसे भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करता हूं। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भारत-इथियोपिया साझेदारी को मजबूत करने में उनके असाधारण योगदान और एक वैश्विक नेता के रूप में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले पहले वैश्विक नेता हैं। मोदी ने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री अबी और इथियोपिया के लोगों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री अबी के नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता, स्थिरता, और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच हजारों वर्षों से संपर्क, संचार और आदान-प्रदान रहा है। भाषाओं और परंपराओं से समृद्ध हमारे दोनों देश विविधता में एकता के प्रतीक हैं। दोनों देश शांति और मानवता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ग्लोबल साउथ के प्रमुख भागीदार हैं और वैश्विक मंचों पर हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज हमने अर्थव्यवस्था, नवाचार, प्रौद्योगिकी, रक्षा, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

हम द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ करेंगे। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए पीएम अली का धन्यवाद भी किया।इससे पूर्व पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों को नई धार देने के मकसद से जार्डन पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों देशों के बीच सामरिक, ऊर्जा व कारोबारी संबंधों को नई ऊंचाई देने की नींव रख दी है। एशिया, अफ्रीका और यूरोप के चौराहे पर स्थित जॉर्डन क्षेत्रीय स्थिरता का प्रतीक है और साथ ही आतंकवाद व उग्रवाद के खिलाफ मजबूत आवाज उठाता है।यह देश भारत के लिए उर्वरक आपूर्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 37 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह पूर्ण द्विपक्षीय दौरा था जहां मोदी और जार्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय के बीच उच्च स्तरीय वार्ता में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग, गाजा संकट, क्षेत्रीय शांति और आर्थिक साझेदारी पर गहन चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार को अगले पांच वर्षों में दोगुना करके पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य भी रखा गया। मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय के बीच दो स्तरों पर बातचीत हुई।वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच पांच महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, जो स्वच्छ ऊर्जा, जल प्रबंधन, संस्कृति और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। एक समझौता नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर है। बाद में भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि दोनों नेताओं के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग स्थापित करने पर भी बात हुई है। एक समझौता जार्डन की पेट्रा और भारत की एलोरा गुफाओं के बीच आपसी समझबूझ बढ़ाने को लेकर है।

## दिल्ली के चिड़ियाघर में बड़ी सुरक्षा चूक, बोनट बंदर के हमले में कर्मचारी गंभीर रूप से हुआ घायल, काटनी पड़ी उंगली




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को एक बार फिर गंभीर लापरवाही सामने आई। ड्यूटी के दौरान बोनट बंदर के हमले से एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल कर्मचारी को तत्काल आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए एक उंगली काटनी पड़ी। घटना ने एक बार फिर चिड़ियाघर में कर्मचारियों की सुरक्षा, स्टाफ की कमी और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया है। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने मामले में कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक, कर्मचारी भैरव प्रताप सिंह बोनट बंदर के बाड़े की नियमित सफाई कर रहा था। बंदर का व्यवहार सामान्य था, लेकिन अचानक वह आक्रामक हो गया और कर्मचारी पर झपट पड़ा। हमले में कर्मचारी जमीन पर गिर गया और बंदर ने उसके शरीर के कई हिस्सों पर काट लिया। अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को काबू में किया।उसे तुरंत डा. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसके पैर के पास आई गहरी चोटों पर करीब 24 टांके लगाए। संक्रमण के चलते एक उंगली को काटना पड़ा। दैनिक कर्मियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले ही एक अन्य कर्मचारी शेर की चोट की ड्रेसिंग में सहायता के दौरान घायल हुआ था, जिसका इलाज चिड़ियाघर परिसर में ही किया गया था।चिंता की ता की बात यह भी है कि चिड़ियाघर में रेंजर के दो स्वीकृत पद होने के बावजूद फिलहाल कोई भी रेंजर तैनात नहीं है। ऐसे में क्यूरेटर डा. मनोज कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में रेंजर की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है। साथ ही उन्हें अन्य विभागीय कार्य भी देखने पड़ रहे हैं। पहले हर बीट पर तीन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी और एक कीपर तैनात रहता था, जिससे जानवरों की देखरेख और सफाई सुरक्षित तरीके से हो पाती थी।

## सरैया में 13 देशों की 108 महिला बौद्ध भिक्षुणियां जुटेंगी, प्रार्थना सभा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

**मुजफ्फरपुर, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सरैया के बखरा व बीरपुर में 13 देशों की 108 महिला बौद्ध मठवासी (भिक्षुणी) जुटेंगी। वहां सुबह आठ से नौ बजे तक और बीरपुर में दोपहर डेढ़ से साढ़े तीन बजे तक प्रार्थना सभा होगी। इसे लेकर डीएम ने विधि व्यवस्था व सुरक्षा मुहैया कराने के लिए पदाधिकारियों की तैनाती की है। सिविल सर्जन व अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट कराया गया है। इनकी भी तैनाती की गई है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को कार्यक्रम की सफलता के लिए नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। प्रार्थना सभा स्थल पर बीडीओ व थानाध्यक्ष विधि व्यवस्था के प्रभार में रहेंगे। वहीं, बीरपुर में सरैया सीओ व कांटी थानाध्यक्ष को जवाबदेही सौंपी गई है। इसे लेकर पिछले दिनों मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक भी हुई थी। कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर व वैशाली के डीएम को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया था। बताया गया कि द लाइट ऑफ बुद्धधाम फाउंडेशन इंटरनेशनल संगठन के साथ मिलकर 500 शाक्य महिलाओं के महान त्याग मार्ग की पहली वर्षगांठ का आयोजन हो रहा है।



इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 108 महिला बौद्ध भिक्षु शामिल होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महाप्रजापति के ऐतिहासिक त्याग मार्ग को पुनर्जीवित करना है। इसका महत्वपूर्ण हिस्सा पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के साथ मुजफ्फरपुर और वैशाली में भी है। इसलिए यहां प्रार्थना सभा का निर्णय लिया गया है।

## ओडिशा में 'ऑपरेशन धरपकड़' से माफिया में हड़कंप अवैध बालू तस्करी के 134 मामले, 14 आरोपी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राज्य में अवैध बालू, मोरम व गिट्टी (मांकड़ा पत्थर) माफिया तथा गैरकानूनी गो-तस्करी के खिलाफ ओडिशा पुलिस ने सख्त अभियान छेड़ दिया है। बीते कुछ दिनों से चल रहे 'ऑपरेशन धरपकड़' के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से माफिया में हड़कंप मच गया है।अभियान के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर बालू ढोने वाले ट्रैक्टर, ट्रक, टिपर और हाइवा जब्त किए गए हैं। अब तक अवैध लघु खनिज पदार्थों की ढुलाई के मामलों में 134 केस दर्ज किए गए हैं और 163 वाहन जब्त किए जा चुके हैं। कार्रवाई में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है,



जबकि 92 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिलावार कार्रवाई की बात करें तो मयूरभंज में 39 मामले दर्ज कर 45 वाहन, बालेश्वर में 32 मामले व 67 वाहन, भद्रक में 18 मामले व 18 वाहन तथा गंजाम में 33 मामले दर्ज कर 33 वाहन जब्त किए गए हैं। वहीं, अवैध गो-तस्करी के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में 23 केस दर्ज कर 31 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया के निर्देश पर असामाजिक तत्वों और संगठित अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) संजय कुमार की निगरानी में राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने इस विशेष अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई है। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन और गो-तस्करी के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## खेलेगा भारत बढ़ेगा भारत: भारत 2036 ओलिंपिक मेजबानी के लिए तैयार

**2030 तक 130 बी की होगी स्पोर्ट्स इंडस्ट्रीज: अनुराग ठाकुर**



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि गत 11 वर्ष में खेल क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मोदी सरकार के उल्लेखनीय प्रयास रहे। उन्होंने कहा कि भारत 2036 ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है।अनुराग ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी तो पहले ही दिन से खेल के प्रति सरकार का रुख स्पष्ट था। एनडीए सरकार खेल के साथ कोई खेल नहीं होने देगी।खिलाड़ी देश के लिए खेलते हैं इसलिए उनके ट्रेनिंग और जरूरतों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि खेलेगा भारत और बढ़ेगा भारत। खेल के क्षेत्र में हमर सुपर फाइव में जाने के लिए कदम बढ़ा चुके हैं और 2030 तक भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री 130 बिलियन डॉलर हो जाएगी।

आज विश्व में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के चर्चे हो रहे हैं और इन 10 सालों में उपलब्धियों की हमारी एक लंबी लिस्ट है। पेरिस ओलिंपिक्स में हमने छह मैडल जीते, पेरिस पैराओलिंपिक में हमारे खिलाडियों ने 29 मैडल जीते जिसमें सात गोल्ड थे। 2023 में एशियन पैरा गेम्स में भारत ने 111 पदक जीते थे। 2024 में भारत ने शतरंज के खेल में विश्व की बादशाहत हासिल की। महज 18 साल की उम्र में गुकेश ने विश्व चैपिंयनशिप का खिताब जीता। 2024 के फाइड शतरंज ओलिंपियाड में भारत की टीम ने कुल छह गोल्ड जीते।मोदी सरकार में पिछले कुछ वर्षों में 323 नए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 3073.97 करोड़ रुपये है। एथलीट ट्रेनिंग और डेवलपमेंट के लिए 1041 खेलो इंडिया सेंटर बनाए गए।

# रोसड़ा में खुलेआम चल रहे अवैध नर्सिंग होम, बगैर डाक्टर के भी हो रही चिकित्सा



**रोसड़ा, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रोसड़ा अनुमंडल क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। बिना पंजीकरण, बिना मानक चिकित्सकीय सुविधा के महज अप्रशिक्षित स्टाफ के सहारे ये नर्सिंग होम आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ कर रहे हैं।अनुमंडल मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर डालें तो प्रतिमाह एक नया क्लीनिक या नर्सिंग होम का उद्घाटन हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभाग की जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। जानकारी के अनुसार, विगत माह भी रोसड़ा नगर एवं प्रखंड क्षेत्र के 50 से अधिक क्लिनिक एवं नर्सिंग होम की जांच की गई थी। लेकिन अब तक कार्रवाई सिफर है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई नर्सिंग होम ऐसे हैं जो न तो स्वास्थ्य विभाग में निबंधित हैं और न ही वहां योग्य चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं।झोलाछाप डाक्टरों और कंपाउंडरों के भरोसे मरीजों का इलाज किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को भर्ती कर मोटी रकम वसूली जाती है, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उन्हें आनन-फानन में रेफर कर दिया जाता है।सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर की जाने वाली जांच महज कागजी साबित होती है। न तो अवैध नर्सिंग होम पर ठोस कार्रवाई होती है और न ही इन्हें सील किया जाता है। जांच दल के आने की सूचना पहले ही संचालकों को मिल जाने के कारण अधिकांश खामियां छिपा ली जाती हैं।क्षेत्र में कई बार इलाज में लापरवाही से मरीजों की मौत की भी चर्चा सामने आती रही है, लेकिन परिजनों को समझा-बुझाकर या दबाव में मामला दबा दिया जाता है। गरीब और ग्रामीण मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद में इन नर्सिंग होम्स का रुख करते हैं और शोषण का शिकार हो जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने विभाग व प्रशासन से अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों की माने तो जब तक नियमित और निष्पक्ष जांच नहीं होगी तथा दोषियों को कठोर दंड नहीं दिया जाएगा, तब तक मानव जीवन से खिलवाड़ का यह खेल यूं ही चलता रहेगा। मानव जीवन से हो रहे खिलवाड़ को गंभीर मामला बताते हुए रोसड़ावासियों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

## पाकिस्तान में बस पर बड़ा हमला, 18 यात्रियों का किया अपहरण, कई घायल

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार 18 पुरुषों का अपहरण कर लिया। ये लोग क्वेटा की ओर जा रहे थे। यह घटना सोमवार रात घोटकी क्षेत्र के पास हुई, जब हमलावरों ने सिंध और पंजाब सीमा के निकट हाईवे लिंक रोड पर बस पर गोलीबारी की और 18 पुरुष यात्रियों को बंधक बना लिया।गोलीबारी में बस का चालक और कुछ यात्री घायल हो गए। बस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री के अनुसार घटनास्थल पर 18 से 20 हमलावर मौजूद थे। सभी सशस्त्र थे और उनके चेहरे ढके थे।हमलावरों ने 25 यात्रियों से बस से उतरने के लिए कहा, लेकिन महिला यात्रियों को नुकसान नहीं पहुंचाया। सिंध के गृह मंत्री के प्रवक्ता जिया उल हसन लांझर ने कहा कि बस में चालक और क्लीनर के अलावा लगभग 30 यात्री थे।

## 90 हजार रुपये मांगी रिश्वत, जनजातीय विभाग के बाबू को लोकायुक्त ने रंगेहाथ पकड़ा



**भोपाल, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोकायुक्त पुलिस भोपाल की टीम ने मंगलवार शाम नर्मदापुरम में कलेक्ट्रेट स्थित जनजातीय कार्य विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-दो मनोज सोनी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।आरोपी बाबू ने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली दो लाख रुपये की राशि दिलाने के बदले एक हितग्राही से 50 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। हितग्राही से पहले 20 हजार रुपये और काम पूरा होने के बाद 70 हजार रुपये लेने की डील तय हुई थी। बाद में पहली किश्त के रूप में 10 हजार रुपये पर सहमति बनी। सिवनीमालवा के सिपुर निवासी 36 वर्षीय हितग्राही प्रवीण सोलंकी ने रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त भोपाल एसपी कार्यालय में की थी।

शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपी बाबू को पकड़ने के लिए लोकायुक्त टीम गठित कर जाल बिछाया गया। तय योजना के अनुसार जैसे ही शिकायतकर्ता ने मंगलवार शाम आरोपी क्लर्क के कार्यालय में पहुंचकर उसे रिश्वत की रकम थमाई, लोकायुक्त टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। इस कार्रवाई में लोकायुक्त टीम में डीएसपी बीएम द्विवेदी, डीएसपी अजय मिश्रा, निरीक्षक रजनी तिवारी, प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, आरक्षक मुकेश परमार, आरक्षक चैतन्य प्रताप सिंह व गौरव साहू शामिल रहे। घटना ने एक बार फिर सरकारी योजनाओं में फैले भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

# अखनूर में एलजी मनोज सिन्हा ने 108 फीट तिरंगा स्तंभ का किया अनावरण, 1971 युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जम्मू, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**



विजय दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को अखनूर के कछरियाल में 108 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ का अनावरण किया।इस दौरान उन्होंने 1971 के युद्ध में अपने शौर्य और बलिदान से देश को गौरवान्वित करने वाले शहीदों, सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उपराज्यपाल ने युद्ध के दिग्गजों और वीर नारियों को सम्मानित किया और राष्ट्र के लिए उनके साहस और बलिदान को सलाम किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि कछरियाल की भूमि न केवल ऐतिहासिक महत्व रखती है, बल्कि यह देशवासियों के लिए एक पवित्र भूमि भी है, क्योंकि इस स्थान का हर इंच उन बहादुर सैनिकों को कृतज्ञतापूर्वक याद करता है, जिन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों में राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उपराज्यपाल ने व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल पी.के. मिश्रा को 108 फीट ऊंचे मस्तूल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने इस ऐतिहासिक पहल में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के उल्लेखनीय योगदान की भी सराहना की।उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हमारा प्रिय और विजयी तिरंगा विश्व में शान से लहराता रहे। हमारा तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, हमारे आत्मसम्मान और बलिदानों एवं शहादतों का प्रतीक है। , हम सब मिलकर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के महान सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।इस दौरान युवा सेवा एवं खेल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, परिवहन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण मंत्री सतीश शर्मा, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल पी के मिश्रा, 10 रैपिड के जीओसी मेजर जनरल एचएस बराड़, पल्लनवाला ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर दयानंद शर्मा, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मेजर जनरल आशीष कोहली (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ अधिकारी, युद्ध के दिग्गज, वीर नारी और छात्र उपस्थित थे।

### घने कोहरे का असर: दो घंटे की देरी से दिल्ली पहुंची 80 से अधिक ट्रेनें, कई रेल सेवाएं प्रभावित

**नई दिल्ली।** बदलते मौसम और घने कोहरे का असर ट्रेनों के पहियों पर पड़ने लगा है, मंगलवार को 80 से अधिक ट्रेनें दो घंटे से अधिक देरी से दिल्ली पहुंचीं। वहीं कई लोकल ट्रेनें भी देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचीं। वहीं कई ट्रेनें देरी से रवाना हुईं। ट्रेनों की बात करें तो दानापुर से आनंद विहार टर्मिनल-जनसाधारण एक्सप्रेस छह घंटे देरी से दिल्ली पहुंची। मुजफ्फरपुर से आनंद विहार टर्मिनल सप्तक्रांति एक्सप्रेस एक घंटा तो दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से पहुंची। बनारस से नई दिल्ली काशी विश्वनाथ साढ़े पांच घंटे तथा राजगीर से नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस चार घंटे देरी से पहुंची।

## झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: जेपीएससी नियुक्ति में देरी का खामियाजा उम्मीदवार नहीं भुगतेगा, वरीयता लाभ मिलेगा




**रांची, 17 दिसम्बर [एजेंसी]।**

झारखंड हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि राज्य सरकार या झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करने में हुई देरी का खामियाजा उम्मीदवार नहीं उठा सकता है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि इस मामलों में प्रार्थी की नियुक्ति की तिथि को उस बैच के अन्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की तिथि से माना जाए, ताकि उम्मीदवार को वरीयता और अन्य सेवा का लाभ मिल सके।इसको लेकर वंदना भारती ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। प्रार्थी तृतीय जेपीएससी नियुक्ति में उम्मीदवार थीं, जिनकी नियुक्ति अंकों की गलत गणना के कारण तीन साल विलंब से वर्ष 2013 में हुई, जबकि उनके बैच के अन्य उम्मीदवारों की नियुक्ति 2010 में हो गई थी। देरी के कारण उनकी वरीयता प्रभावित हुई और उन्हें उम्मीदवारों में सबसे निचले स्थान पर रखा गया।प्रार्थी ने अपनी नियुक्ति की तिथि बदलने का अनुरोध किया। उनके वकील सौरव शेखर और अनुराग कुमार ने कहा कि आयोग या सरकार की लापरवाही के कारण हुई देरी का खामियाजा उम्मीदवार को नहीं भुगतना चाहिए। एकल पीठ ने याचिका स्वीकार करते हुए प्रार्थी को वरीयता का लाभ देने का आदेश दिया।राज्य सरकार और जेपीएससी ने इस फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि न तो राज्य सरकार और न ही आयोग इस मामले में पीड़ित पक्ष हैं।कोर्ट ने पूछा कि अगर राज्य सरकार द्वारा अतीत में की गई गलती सुधारा जाए तो उसे इससे आपत्ति क्यों है। इसके बाद सरकार ने अपील याचिका वापस ले ली। अदालत ने प्रार्थी की नियुक्ति 2013 से बदलकर 2010 कर दी है।

# पुशअप्स करते समय न करें ये गलतियां, लग सकती है चोट



पुशअप्स एक ऐसी कसरत है, जो पूरे शरीर को मजबूत बनाती है और इससे दिल की सेहत भी बेहतर रहती है। हालांकि, कई लोग इसे करते समय कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जिनके कारण उन्हें फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जो पुशअप्स करते समय नहीं करनी चाहिए ताकि आपको इसका भरपूर फायदा मिल सके और आप चोट से भी बचे रह सकें।

हाथों का सही स्थान न होना

पुशअप्स करते समय हाथों का सही स्थान बहुत जरूरी है। अगर आप अपने हाथों को बहुत आगे या पीछे रखते हैं तो इससे कंधों पर ज्यादा दबाव पड़ता है और चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। हाथों को कंधों की सीध में रखें ताकि शरीर का पूरा भार समान रूप से बंट सके और आपको किसी तरह की परेशानी न हो। इससे आपकी कसरत भी सही तरीके से होगी और चोट का खतरा भी कम रहेगा।

गहरी सांस न लेना

पुशअप्स करते समय गहरी सांस लेना बहुत जरूरी है। कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे उन्हें पूरा फायदा नहीं मिल पाता। जब आप नीचे की ओर जाएं तो सांस छोड़ें और ऊपर आते समय सांस लें। इससे आपके फेफड़े पूरी तरह से ऑक्सीजन ग्रहण कर पाएंगे और आपकी कसरत का असर बढ़ जाएगा। गहरी सांस लेने से आपकी मांसपेशियां भी बेहतर तरीके से काम करेंगी और आपको अधिक ऊर्जा मिलेगी।

गर्दन को तानकर रखना

पुशअप्स करते समय गर्दन को तानकर रखना एक आम गलती है, जिसे आपको सुधारना चाहिए। अक्सर लोग नीचे जाते समय गर्दन को आगे की ओर खींच लेते हैं, जिससे गर्दन पर बहुत दबाव पड़ता है और दर्द हो सकता है। आपको अपनी गर्दन को सीधा रखना चाहिए और नीचे जाते समय छाती को जमीन से छूने की कोशिश करनी चाहिए। इससे न केवल आपकी गर्दन सुरक्षित रहेगी बल्कि आपकी कसरत का प्रभाव भी बेहतर होगा।

कूल्हों को झुकाना

कई लोग पुशअप्स करते समय अपने कूल्हों को झुकाकर रखते हैं, जिससे उनकी पीठ पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। आपको अपने शरीर को सीधा रखना चाहिए और सिर्फ हाथों और पैरों पर भार डालकर कसरत करनी चाहिए। इससे आपकी पीठ सुरक्षित रहेगी और आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। सही तरीके से पुशअप्स करने से आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी और आपको अधिक ऊर्जा मिलेगी।

जल्दी-जल्दी करना

जल्दी-जल्दी पुशअप्स करना भी एक बड़ी गलती हो सकती है। इससे न केवल आपकी फॉर्म खराब होती है बल्कि चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। आपको धीरे-धीरे और सही तरीके से पुशअप्स करने चाहिए ताकि आपकी मांसपेशियां पूरी तरह से काम करें और चोट लगने का कोई खतरा न रहे। इन बातों का ध्यान रखकर आप न केवल सही तरीके से पुशअप्स कर सकते हैं बल्कि चोट से भी बच सकते हैं।



## बनारसी साड़ी पहन मृणाल ठाकुर ने बखूबी अपने हुस्न का बिखेरा जलवा

मृणाल ठाकुर फिल्मों के साथ अपने फैशन सेंस को लेकर भी फैंस के बीच घिरी रहती हैं. सोशल मीडिया पर उनका कमाल का जलवा भी देखने को मिलता है. अब एक बार फिर उन्होंने अपने फैशन सेंस से फैंस का दिल जीत लिया है.

मृणाल ठाकुर एक बार फिर सोशल मीडिया पर सबका ध्यान खींच रही हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं जिन्हें देखकर फैंस की धड़कनें तेज हो गई हैं.

वैसे तो एक्ट्रेस हमेशा ही अपनी स्टाइल और फैशन को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. अब एक बार फिर उन्होंने अपनी खूबसूरती से पूरी लाइमलाइट अपने नाम कर ली है.

मराठी मुल्गी बन उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर की हैं. बनारसी साड़ी पहन अदाकारा ने बखूबी अपने हुस्न का जलवा बिखेरा है. उनका ये मराठी मुल्गी वाला अवतार सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है और फैंस के लाइक्स और कॉमेंट्स का सिलसिला भी शुरू हो गया है.

अपनी बनारसी साड़ी की खूबसूरती फ्लॉन्ट करते हुए मृणाल ठाकुर ने अलगङ्कअलग पोज में अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं. हर एक पिक्चर में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते बन रही है.

अपनी साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने डिजाइनर रेड ब्लाउज पेयर किया है. वहीं उन्होंने भारी भरकम ज्वेलरी भी पहनी है जो उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट लग रही है.

ट्रेडिशनल डिजाइन की ज्वेलरी, उनके मराठी मुल्गी लुक के साथ बहुत खूबसूरत लग रही है. मराठी नथ पहने और बालों में गजरा लगाए उन्होंने अपना ये लुक कंप्लीट किया है. तस्वीरों के साथ कैप्शन में मृणाल ने लिखा- थोड़ी मॉडर्न, पूर्ण मराठी. अब मृणाल ठाकुर के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें सन ऑफ सरदार 2 में देखा गया था. अब उनकी अपकमिंग फिल्मों पर गौर करें तो उन्हें डकैत और दो दीवाने सहर में जैसी फिल्मों में नजर आएंगी.

## रोशन और अनस्वरा राजन फिल्म चैंपियन का दूसरा गाना सल्लांगुंडाले रिलीज

चैंपियन, अपने पहले सिंगल गिरा गिरा गिरा गिंगिरगिरे और इसके प्रमोशनल मटीरियल से चर्चा में है। स्वप्ना सिनेमाज़ और आनंदी आर्ट क्रिएशंस के साथ कॉन्सेप्ट फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस और ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रेज़ेंट इस मूवी में रोशन और अनस्वरा राजन हैं, साथ ही नंदमुरी कल्याण चक्रवर्ती और अर्चना भी अहम रोल में हैं। फिल्म का दूसरा सिंगल, सल्लांगुंडाले, हाल ही में रिलीज़ हुआ है, जिसमें एक पारंपरिक शादी के खास पलों को दिखाया गया है। गाने की शुरुआत एक दिल को छू लेने वाले सीन से होती है जिसमें दुल्हन का पिता उसे घर छोड़ने की तैयारी करते हुए दिलासा देता है, जो बाद में परिवार और गाँव के साथ एक खुशी के जश्न में बदल जाता है। सल्लांगुंडाले शादी और उसके बाद के इमोशंस को खूबसूरती से दिखाता है, जो दर्शकों के दिलों में उतर जाता है। मिकी जे मेयर के कंपोज़िशन में इमोशन और जश्न का मेल है, जबकि चंद्रबोस के लिरिक्स हर रस्म को साफ-साफ दिखाते हैं।

## काजल अग्रवाल आर्य सीरीज़ के तेलुगु रूपांतरण में मुख्य भूमिका निभाएंगी

काजल अग्रवाल सुष्मिता सेन की हिट हिंदी वेब सीरीज़ आर्या के ऑफिशियल अडैप्टेशन विशाखा के साथ तेलुगु इंडस्ट्री में ज़ोरदार वापसी करने वाली हैं। जियोहॉटस्टार के साउथ अनबाउंड इवेंट में अनाउंस की गई विशाखा, साउथ इंडियन भाषाओं में 25 नए प्रोजेक्ट्स का हिस्सा है, जो जियोहॉटस्टार का रीजनल कहानियों पर ज़ोर दिखाता है।

एक दिल छू लेने वाले बयान में, काजल ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, साउथ इंडस्ट्री ने मुझे सिर्फ़ काम नहीं दिया, बल्कि एक घर दिया। जो चीज़ हमेशा बनी रही है, वह है इसकी कहानियों में ईमानदारी और भावना। वह यह देखकर उत्साहित हैं कि जियोहॉटस्टार अपने प्रोजेक्ट्स में असलियत और क्रिएटिविटी को सेलिब्रेट कर रहा है।

टाइटल रोल निभाते हुए, काजल एक ऐसे किरदार में कदम रखती हैं जिसमें इंटेंसिटी, इमोशनल गहराई और ट्रांसफॉर्मेशन की ज़रूरत है। विशाखा अपने बच्चों के लिए एक मज़बूत रक्षक बन जाती है, जो क्राइम, वफ़ादारी और ज़िंदा रहने के लिए संघर्ष करती है। तमिल,



तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ सिनेमा में अपनी वर्सेटिलिटी के साथ, काजल से उम्मीद है कि वह अपनी खास अदा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस दिखाएंगी। विशाखा काजल की तेलुगु सिनेमा में एक खास वापसी है, इससे पहले उन्होंने जून 2024 में कन्नप्पा में एक छोटा सा कैमियो और अपनी थ्रिलर सत्यभामा में काम किया था। यह सीरीज़ 2026 में रिलीज़ होने वाली है, जिसमें ओरिजिनल आर्या की तरह ही एक दिलचस्प कहानी होने का वादा किया गया है।

# चश्मे को साफ और खरोंच से बचाए रखने के लिए अपनाएं ये तरीके

चश्मे का इस्तेमाल करने वाले कई लोग अक्सर अपने चश्मे को साफ और खरोंच मुक्त रखने के लिए कई तरह के उपाय अपनाते हैं, लेकिन इनमें से कई उपाय सही नहीं होते हैं। इससे चश्मे का लेंस या फ्रेम खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जो लोग अपने चश्मे की सफाई करते समय कर देते हैं और इनसे आपको बचना चाहिए।

साबुन का इस्तेमाल न करें

साबुन का इस्तेमाल चश्मे की सफाई के लिए बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। साबुन में मौजूद केमिकल लेंस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा साबुन से चश्मे की फ्रेम भी खराब हो सकती है। बेहतर होगा कि आप अपने चश्मे को साफ करने के लिए हल्के गर्म पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही इसके लिए आप एक मुलायम कपड़े का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

कागज या रूमाल से न करें साफ

कई लोग अपने चश्मे को साफ करने के लिए कागज या रूमाल का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह भी एक बड़ी गलती है। कागज या रूमाल में मौजूद गंदगी लेंस पर खरोंच डाल सकते हैं। इसलिए इन्हें चश्मे को साफ करने के लिए इस्तेमाल न करें। इसके बजाय आप एक मुलायम कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसे खासतौर पर चश्मे के लिए बनाया गया हो। यह लेंस को सुरक्षित रखता है और उसे खरोंच नहीं लगती है।



गर्म पानी से धोने की गलती न करें

गर्म पानी से चश्मे को धोना भी गलत है। गर्म पानी से लेंस या फ्रेम दोनों ही खराब हो सकते हैं। यह आपके चश्मे की पॉलिश को भी खराब कर सकता है और उसे तेजी से खराब कर सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने चश्मे को हमेशा हल्के गर्म पानी और एक मुलायम कपड़े से साफ करें। इससे आपका चश्मा सुरक्षित रहेगा और उसकी उम्र भी बढ़ेगी।

बिना हाथ धोएं चश्मे को छूने की गलती न करें

बिना हाथ धोएं अपने चश्मे को छूने से भी बीमारी फैल सकती है इसलिए इससे बचना चाहिए। खासतौर पर अगर आप बाहर किसी सार्वजनिक जगह पर रहे हों तो अपने हाथों को पहले धोएं और फिर अपने चश्मे को हाथ लगाएं। इसके अलावा अगर आप किसी बीमार व्यक्ति के पास रहे हों तो अपने हाथों को अच्छे से धोएं और सैनिटाइजर का भी इस्तेमाल करें। इससे बीमारी का खतरा कम हो जाएगा।

स्टोर करने का गलत तरीका अपनाना

चश्मे को सही तरीके से रखना बहुत जरूरी है ताकि वह सुरक्षित रहे। कई लोग अपने चश्मे को बिना केस में ही रख देते हैं, जिससे वह टूट सकता है या उसकी फ्रेम खराब हो सकती है। इसलिए अपने चश्मे को हमेशा उसके केस में ही रखें ताकि वह सुरक्षित रहे।

इन गलतियों से बचकर आप अपने चश्मे को लंबे समय तक सही रख सकते हैं और उसकी उम्र बढ़ा सकते हैं।

## तस्करों की कहानी लेकर आ रहे नीरज पांडे, इमरान हाशमी स्टारर 'तस्करी' की हुई घोषणा



'स्पेशल ऑप्स' जैसी सीरीज और 'स्पेशल 26' व 'ए वेड्नेसडे' जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में इमरान हाशमी और शरद केलकर जैसे सितारे नजर आएंगे। आज सीरीज की घोषणा हो गई है। साथ ही सीरीज का टीजर कब आएगा ये भी बता दिया गया है। इमरान हाशमी अब एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'तस्करी: द स्मगलर्स वेब'। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आज सीरीज की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीरीज की शूटिंग के दौरान की झलक देखने को मिलती है। जिसमें निर्देशक नीरज पांडे डायरेक्शन करते नजर आते हैं। साथ ही इमरान हाशमी और शरद केलकर समेत सीरीज की स्टारकास्ट अलग-अलग सीन में नजर आती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि यह सीरीज एक्शन-सस्पेंस-थ्रिलर होने वाली है। अनाउंसमेंट वीडियो में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। जबकि शरद केलकर अलग-अलग अंदाज में दिखते हैं। फिलहाल अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस सीरीज का टीजर 17 दिसंबर को जारी किया जाएगा। तभी सीरीज की रिलीज डेट का भी पता चल सकता है। अभी जारी अनाउंसमेंट वीडियो में दिखता है कि इस बार नीरज पांडे स्मगलिंग की दुनिया का खेल लेकर सामने आएंगे। नीरज पांडे आखिरी बार 'स्पेशल ऑप्स 2' लेकर आए थे। ये उनकी लोकप्रिय सीरीज का तीसरा पार्ट था। वहीं इमरान हाशमी की बात करें तो वो आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'हक' में नजर आए थे।

## बॉक्स ऑफिस पर अखंडा 2 ने मचाया गदर, ओपनिंग वीकेंड पर बनी साल की चौथी सबसे बड़ी टॉलीवुड फिल्म, कमा डाले इतने करोड़



नंदमुरी बालकृष्ण की लेटेस्ट रिलीज फिल्म अखंडा 2: थांडवम बॉक्स ऑफिस पर अपना दमखम बरकरार रखे हुए है. रणवीर सिंह की धुरंधर के आगे भी ये फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही शानदार परफॉर्म कर रही है और ओपनिंग वीकेंड में भी इसने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कलेक्शन किया है. चलिए यहां जानते हैं संडे को अखंडा 2: थांडवम के खाते में कितने करोड़ आए हैं? अखंडा 2: थांडवम को रिलीज के बाद क्रिटिक्स और दर्शकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था. हालांकि स्ट्रॉन्ग वर्ड ऑफ माउथ ने इस फिल्म की पकड़ बॉक्स ऑफिस पर मजबूत कर दी है और इसी के साथ ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से भरभरकर नोट छाप रही है. गौरतलब है कि फिल्म की रिलीज गुरुवार को 8 करोड़ के कलेक्शन के साथ पेड प्रीव्यू के साथ हुई और शुक्रवार को पहले दिन इसने 22.5 करोड़ की जबरदस्त कमाई की. जिसके बाद इसका ओपनिंग डे कलेक्शन 30.5 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि शनिवार को कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आई और इसने 15.5 करोड़ का कारोबार किया. लेकिन रविवार को कलेक्शन स्थिर रहा।वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक अखंडा 2: थांडवम ने रिलीज के तीसरे दिन (रविवार) को भारत में लगभग 15 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. इसके साथ ही, फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन सिर्फ तीन दिनों में लगभग 61 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.अखंडा 2: थांडवम की कमाई में संडे को तेजी नही देखी गई फिल्म भी इसने अच्छी कमाई की है. इसी के साथ ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 2025 की टॉप 10 तेलुगु ओपनिंग वीकेंड में तीसरे नंबर पर पहुंच गई है. इसने रामचरण की गेमचेंजर को मात दी है.अखंडा 2: थांडवम का निर्देशन बोयापति श्रीनु ने किया है. इस फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा संयुक्ता मेनन, आधी पिनिसेट्टी, हर्षाली मल्होत्रा, कबीर दुहान सिंह और सास्वता चटर्जी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं.

## शब्द सामर्थ्य - 260

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 259 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

विद्यालय में पीने हेतु गर्म पानी की व्यवस्था

## शीतलहर से बचाव को लेकर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**सूरजपुर।** विकासखण्ड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विद्यार्थियों को इससे होने वाले खतरों एवं बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिक्षक योगेश साहू द्वारा बच्चों को ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक योगेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शीतलहर के समय बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है। अत्यधिक ठंड के कारण शरीर में कंपकंपी, सुन्नता, सिरदर्द, सुस्ती, भूख न लगना, सर्दी-खांसी, बुखार, बार-बार जी मचलना अथवा उल्टी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि शीतलहर से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनना, ठंडे मौसम में अनावश्यक बाहर निकलने से बचना, नहाते समय सीधे सिर में ठंडा पानी न डालना, सोने से पहले पैरों के तलवों में तेल लगाना, पौष्टिक एवं गर्म भोजन करना तथा हाथ-पैर ढककर रखना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को अलाव से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, गीले कपड़े न पहनने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पीने हेतु गर्म पानी की समुचित व्यवस्था की गई है तथा शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अलर्ट का पालन करना आवश्यक है। इस अवसर पर ब्लैक बोर्ड के माध्यम से शीतलहर के लक्षण, खतरे एवं बचाव से संबंधित बिंदुओं को सरल भाषा में समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों को विषयवस्तु आसानी से समझ में आई। बच्चों ने भी रुचि लेकर जानकारी प्राप्त की एवं प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक महेंद्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल, सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीडबल्यूडी और शिक्षा विभाग के डेढ़ दर्जन आवास गायब

### सरकारी कर्मचारियों और दबगों ने किया कब्जा

**जनकपुर।** एमसीबी जिले का तहसील मुख्यालय जनकपुर में सरकारी आवासों और सरकारी प्रयोजन के लिए आरक्षित सरकारी जमीन को कब्जाने के मामले में भले ही भूमाफियाओं और दबंगों का नाम कुख्यात है। पर जनकपुर मे पदस्थ व कार्यरत कर्मचारी भी इस मामले मे किसी से पीछे नहीं हैं। यहां मुख्य सड़क पर स्थित लोक निर्माण विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित जनपद पंचायत व महिला बाल विकास विभाग का वर्षों पहले शासकीय आवास बना हुआ था। जिस पर यहां पदस्थ कर्मचारियों को निवास करने के लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा आबंटित भी किया जाता रहा है। पर जनकपुर मे ही डेढ़ से दो दशक तक पदस्थ रहने से इन सरकारी कर्मचारियों के मन मे लालच आ गया और अब सेवा निवृत्त होने के बाद भी सरकारी आवास से कब्जा नहीं हटा रहे हैं। बल्कि राजनीतिक दलों के छुटभईया नेताओं और स्थानीय अधिकारियों से सांठगांठ कर अब सरकारी आवासों को तोड़कर निजी पक्का मकान व दुकान बनाकर परिवार सहित बेखौफ होकर निवास कर रहे हैं। इन सरकारी कर्मचारियों की भूख का आलम यह है कि जन उपयोगी शासकीय भवनो के लिए आरक्षित अति आवश्यक सरकारी भूमि पर भी गिद्ध नजर डालकर



वहां भी अपनी पत्नी एवं बच्चों के नाम पर शासकीय भूमि में कब्जा कर निजी मकान व दुकान बनाकर खुलेआम किराया से संचालित कर रहे हैं। जनकपुर नगर में विभागीय शासकीय आवासों पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा अवैध कब्जा के कई मामले ऐसे है जिसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने समय समय पर जिले से लेकर राज्य स्तर तक किए पर किसी भी अवैध कब्जाधारी सरकारी कर्मचारियों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। तहसील मुख्यालय जनकपुर स्थित लोक निर्माण विभाग एवं शिक्षा विभाग के लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा शासकीय आवासों मे रहने वाले सरकारी कर्मचारियों ने ही अवैध रूप से तोड़कर अपना निजी मकान व दुकान का पक्का निर्माण कर परिवार सहित बेरोकटोक निवास कर रहे हैं। जबकि इनमे कई सरकारी कर्मचारी सेवा निवृत्त भी हो चुके हैं। परन्तु अधिकांश शासकीय आवास मुख्य सड़क पर स्थित होने की वजह से कीमती है, जिससे सरकारी कर्मचारी शाम दाम दण्ड भेद सहित सभी हथकंडों को अपनाकर सरकारी आवासों में कब्जा बरकरार रखे हुए हैं साथ ही शासकीय आवासों को तोड़कर निजी मकान व दुकान बना लिए हैं, जिससे वर्तमान समय मे कई शासकीय आवास गायब हो गए हैं और उनका नामोनिशान ही मिट गया हैं। जबकि विभागीय दस्तावेजों में शासकीय आवास दर्ज है। जनकपुर स्थित लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग के सरकारी आवासों को तोड़कर खुलेआम निजी मकान व दुकान बनाकर शासकीय आवासों का स्वरूप बदलने की जानकारी मिलने पर स्थानीय स्तर पर पदस्थ विभागीय अधिकारियों द्वारा अपनी विभागीय आवासों को बचाने की जगह खानापूर्ति के तर्ज पर तहसील कार्यालय भरतपुर मे पत्र लिख देते है और शान्त होकर बैठ जाते हैं। इधर तहसील कार्यालय भी अवैध कब्जाधारी सरकारी कर्मचारियों को कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करने के लिए केवल नोटिश तो काट देता है और सेटिंग करके आगे की कार्यवाही करना भूल जाता हैं। जिससे जनकपुर नगर मे मुख्य सड़क पर स्थित कीमती शासकीय जमीन पर बना कई विभागीय सरकारी आवास वर्तमान में ढूंढ़ने पर भी नहीं मिल रहा हैं।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 32 लाख की ठगी का खुलासा,पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक व्यक्ति से 32 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का थाना बैकुंठपुर पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में कोरिया पुलिस की एक बड़ी और सराहनीय सफलता मानी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजेंद्र कुमार यादव निवासी जूनापारा, बैकुंठपुर द्वारा थाना बैकुंठपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी ने बताया कि 21 मई 2023 को रात्रि लगभग 8 बजे उसके मोबाइल नंबर 99776777183 पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। जान-पहचान का कॉल समझकर उसने फोन रिसीव किया,लेकिन स्क्रीन पर एक युवती नग्न अवस्था में दिखाई दी। घबराकर उसने



तत्काल कॉल काट दी। इसके बाद आरोपियों द्वारा वीडियो कॉल का स्क्रीनशॉट लेकर प्रार्थी को अश्लील फोटो भेजी गई और 50 हजार रुपये की मांग की गई। रुपये नहीं देने पर उक्त फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाने लगी। डर और सामाजिक बदनामी के भय से प्रार्थी ने अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से कुल 32 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए। जब ठगी का अहसास हुआ तब प्रार्थी ने थाना बैकुंठपुर में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 168/23 धारा 388,420,120 बी भादवि एवं 66 (घ) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश साहू के नेतृत्व में थाना बैकुंठपुर एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों के विवरण एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर लगातार मेहनत करते हुए आरोपियों की पहचान की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मकसूद उर्फ मक्कू पिता आजाद उम्र 28 वर्ष निवासी पेमा खेड़ा थाना पुन्हाना, मेवात हरियाणा तथा प्रदीप पिता जगराम चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी तातरपुर, मेवात हरियाणा को क्रमशः मेवात हरियाणा एवं अलवर राजस्थान से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को आज दिनांक 15 दिसंबर 2025 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन लकड़ा,साइबर प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, प्रधान आरक्षक दीपक पांडे,साइबर आरक्षक अमरेशा नंद तथा आरक्षक दिनेश उइके का विशेष योगदान रहा। कोरिया पुलिस की यह सफलता न केवल साइबर ठगों के लिए कड़ा संदेश है,बल्कि आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती है।

## कृषि स्नातक अधिकारी संघ एमसीबी की जिला कार्यकारिणी घोषित



**जनकपुर/मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई एमसीबी की जिला कार्यकारिणी का गठन प्रदेश संगठन की स्वीकृति से किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार दीपक कुमार साहू को जिला अध्यक्ष एवं पी. एल. तिवारी को संरक्षक नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष के पद पर हर्ष कुमार अहिरवार, संजय अम्लेश एवं देवशरण द्विवेदी, सचिव के पद पर विकास कुमार चौरसिया एवं राजकुमार सेन्द्राम, तथा कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता एवं सूरज कुमार भगत को नियुक्त किया गया हैं। महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष अरुंधति राज, उपाध्यक्ष मोनिका मराबी, गरिमा सिंह एवं किंजल सिंह होंगी। मीडिया प्रभारी के रूप में रहमत उल्ला काजी, रामबिहारी लहरें एवं दुर्गेश पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। विकासखंड स्तर पर अमित कुमार सेन को (मनेंद्रगढ़), दुर्गेश कुमार सिंह को (भरतपुर) नफीस आलम को (खड़गवां) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कृषि विकास अधिकारी प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र झा होंगे। नवगठित कार्यकारिणी ने अधिकारी हित, किसान हित एवं संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा आज जिले के प्रतापपुर के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रतापपुर एवं खाद्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र सोनगरा, दवनकरा एवं चंदौरा केंद्र का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे तौल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान विक्रय हेतु आने वाले सभी किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर जयवर्धन ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी प्रतिक्रिया जानी तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## 5 में राज कुमार की चाय और 5 में वासुदेव का समोसा महंगाई की आंधी में अडिग चरचा

**कोरिया चरचा कालरी।** जहां हर सुबह महंगाई नए दामों के साथ आंख खोलती है, वहीं चरचा कालरी में चायवाले राजकुमार मोदी और साइकिल पर समोसा बेचने वाले वासुदेव पिछले कई दशकों से महंगाई को ठेंगा दिखाते हुए इंसानियत और संतोष की मिसाल बने हुए हैं। देशभर में महंगाई को लेकर रोज़ नई चर्चाएं होती हैं—कभी रसोई गैस पर, कभी दूध-शक्कर पर, तो कभी चाय-पानी तक पर, लेकिन इन तमाम चर्चाओं के बीच यदि किसी ने चरचा कालरी को वास्तव में चर्चित किया है, तो वे हैं 5 की चाय वाले राजकुमार मोदी और 5 के समोसे वाले वासुदेव। इन दोनों ने बिना मंच, बिना भाषण और बिना नारे के महंगाई पर ऐसा व्यंग्यात्मक प्रहार किया है, जो बड़े-बड़े आर्थिक विश्लेषणों से कहीं अधिक असरदार है। यह दो साधारण चेहरे असाधारण काम कर रहे हैं।

चरचा कालरी के श्रमवीर स्टेडियम गेट के पास पिछले 30 वर्षों से चाय उबालते राजकुमार मोदी हैं जिनकी चाय की गंज में गैस के बढ़ते दाम भले उबलते हो पर कप में चाय आज भी 5 की ही उतरती है केतली संभाले खड़े राजकुमार मोदी आज भी उतनी ही सादगी से ग्राहकों का स्वागत करते हैं, जितना वर्षों पहले करते थे। उस दौर में जब चाय 60 पैसे में मिला करती थी, और स्पेशल चाय 75 पैसे की थी तब उन्होंने चाय बनाने का काम शुरू किया था।





समय बदला, कीमतें बदलीं, गैस सिलेंडर से लेकर चायपत्ती तक सब कुछ कई गुना महंगा हुआ, मगर राजकुमार की चाय का दाम मानो समय के साथ चलने से इनकार कर बैठा—आज भी 5की चाय पिलाते है बाहर से आने वाला कोई ग्राहक जब अनजाने में 10 का नोट बढ़ाता है, तो राजकुमार मोदी बिना कोई भाषण दिए, शांति से 5 लौटाकर यह एहसास करा देते हैं कि महंगाई कोई मजबूरी नहीं, बल्कि सोच का परिणाम भी हो सकती है। उनकी दुकान पर सुबह से शाम तक ग्राहकों की भीड़ रहती है और प्रतिदिन लगभग 50 लीटर दूध की चाय बनती है—जो इस बात का प्रमाण है कि सस्ती चीज़ें आज भी भरोसे के दम पर चल सकती हैं। इसी क्रम में चरचा कालरी की गलियों में साइकिल पर टोकनी लटकाए घूमते छोटे से माइक में वासुदेव पिछले 18 वर्षों से समोसे को बढ़ती महंगाई से बचाते आ रहे हैं उन्होंने अपने कारोबार की शुरुआत 0 में चार समोसे से की थी। समय ने करवट बदली, तो अब 10 में दो समोसे देते हैं अर्थात् एक समोसा आज भी 5 का ही है। शाम 5 बजे के लगभग जब वासुदेव की साइकिल निकलती है तो महज 2 घंटे में ही वह लगभग 300 समोसा बेच लेते हैं वासुदेव की साइकिल के पीछे कैरियर में रखी समोसे की टोकनी और छोटे से टेप रिकॉर्डर जिसमे लगातार ?5 में समोसा आप भी खाइए और अपने परिवार को भी खिलाएं का प्रचार चलता रहता है महंगाई के इस दौर में उनका समोसा केवल नाश्ता नहीं, बल्कि आम आदमी की राहत है। स्वाद में कुरकुरा और संदेश में करारा—वासुदेव का समोसा उस व्यवस्था पर करारा है जहां दाम बढ़ते हैं पर संतोष घटता जाता है1आज जब होटल और ढाबों में चाय 'स्पेशल' बनकर 25-50 तक पहुंच चुकी है और समोसा 'प्रीमियम स्नैक' की श्रेणी में आ गया है, तब चरचा में 5 की चाय और 5 का समोसा यह सवाल खड़ा करता है—क्या महंगाई सच में उतनी ही मजबूर है, जितनी बताई जाती है? वासुदेव के साथ ही उनके और भी परिजन है जो प्रतिदिन समोसा बेचते हैं। राजकुमार मोदी और वासुदेव दोनों ही कम लाभ में संतोष, सरल व्यवहार और ईमानदार मेहनत की ऐसी मिसाल हैं, जो यह साबित करती है कि व्यापार केवल मुनाफ़े का गणित नहीं, बल्कि समाज से जुड़ाव का माध्यम भी हो सकता है। इनकी चाय और समोसे की दुकान असल में महंगाई के खिलाफ चल रहे छोटे-छोटे आंदोलन है कहना गलत नहीं होगा कि चरचा की चर्चा तो यूं ही चलती रहेगी, लेकिन चरचा को दिलों में जगह दिलाने का काम इन दोनों सादे लेकिन असाधारण व्यक्तित्वों ने किया है। महंगाई के इस शोरगुल भरे दौर में 5 की चाय और 5 का समोसा न सिर्फ़ पेट भरते हैं, बल्कि सोच को भी झकझोरते हैं—और यही इनकी सबसे बड़ी जीत है। उनकी कार्यशैली समाज को यह याद दिलाती है कि व्यापार से पहले भी मानवता होती है।

## भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में शैलेश शिवहरे को मिली अहम जिम्मेदारी



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे को मनोनीत किए जाने पर जिलेभर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनकी वर्षों की निष्ठा, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। शैलेश शिवहरे को नगर और क्षेत्र की जनता एक ऐसे जननेता के रूप में जानती है जो हमेशा आम लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विकास, स्वच्छता, जनकल्याण और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने बिना भेदभाव के सभी वर्गों के हित में कार्य करते हुए जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया, जिससे वे जनता के दिलों में विशेष स्थान बना सके। पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने से संगठन को उनके अनुभव, ऊर्जा और जमीनी पकड़ का लाभ मिलेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि शैलेश शिवहरे इस दायित्व के माध्यम से पिछड़ा वर्ग समाज की समस्याओं को मजबूती से मंच पर रखेंगे और उन्हें संगठन तथा सरकार की नीतियों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि शैलेश शिवहरे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के साथ करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी और समाज के उत्थान में निरंतर योगदान देते रहेंगे।

# धान खरीदी में पारदर्शिता पर जोर कलेक्टर ने दिए सख्त और स्पष्ट निर्देश



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। धान खरीदी को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नोडल अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण और सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि हमालों को भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। सहकारिता विभाग से समितिवार भुगतान की स्थिति की जानकारी ली गई तथा जिन समितियों में भुगतान लंबित है, वहां तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दोहराया कि किसानों से जबरन हमाली नहीं कराई जाए और स्वेच्छा से सहयोग करने वाले किसानों को नियमानुसार पारिश्रमिक अवश्य दिया जाए। सतर्क ऐप में नियमित फोटो अपलोड को अनिवार्य बताते हुए कलेक्टर ने कहा कि धान विक्रय हेतु आने वाले किसानों, वाहनों और खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की फोटो ऐप में अपलोड होनी चाहिए। इससे निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रहेगा। कलेक्टर ने रकबा समर्पण के लिए किसानों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 1496 किसानों द्वारा 90 हेक्टेयर से अधिक रकबा समर्पित किया जा चुका है, जिसे और बढ़ाया जाना आवश्यक है। उपार्जन केंद्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बफर लिमिट से अधिक धान जमा होने पर तत्काल सूचना दी जाए। अधिक खरीदी वाले केंद्रों में रकबा सत्यापन कराने और बोगस धान की संभावना पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर ने बताया कि हमालों को विशेष ड्रेस उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। साथ ही सभी समितियों में हमालों के नाम एवं आईडी कार्ड संधारित रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने दोनों एसडीएम को नियमित रूप से खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को चेकपोस्टों पर जांच तेज करने तथा अन्य जिलों व राज्यों से अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया। साथ ही धान की नमी की जांच मॉइश्चर मशीन से निर्धारित मानकों के अनुसार करने तथा गुणवत्ता के अनुरूप ही खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य पारदर्शी, सुरक्षित, निष्पक्ष और किसान-हितैषी धान खरीदी व्यवस्था को पूरी सख्ती और संवेदनशीलता के साथ लागू करना है।

## कलेक्टर के निर्देशन में एनएच 43 पर सड़क मरम्मत कार्य जारी

**सूरजपुर।** जिले में कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में एनएच-43 के सिलफिली से संजयनगर खंड में लगातार बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क पर बिटुमिनस पैच रिपेयर का कार्य कराया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग की कुल लंबाई 10.50 किलोमीटर है, जिसमें से अब तक 3.50 किलोमीटर हिस्से में बिटुमिनस पैच रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष बचे मार्ग पर मरम्मत कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सड़क की दीर्घकालीन मजबूती सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेजा गया है।

## डीएम ने क्षेत्र का दौरा कर मतदान केंद्रों के बीएलओ से ली जानकारी

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा एसआईआर-2025 के तहत नगर पंचायत क्षेत्र जरही के मतदान केंद्र क्रमांक 263, 264, 265 एवं 267 तथा ग्राम दवनकरा के मतदान केंद्र क्रमांक 197 एवं 198 के बीएलओ से लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। कलेक्टर ने संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया कि चिन्हित प्रविष्टियों का पुनः सत्यापन (री-वेरिफिकेशन) सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही एएसडी सूची को बीएलओ के साथ साझा करने तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती ललिता भगत उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी इस कार्य को शीघ्र एवं गंभीरता से पूर्ण करें।

### धान खरीदी में पारदर्शिता, छोटे किसानों को अतिरिक्त राहत

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान हितैषी पहल को आगे बढ़ाते हुए धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी व सुविधाजनक बना दिया है। किसानों की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अब तूहर टोकन ऐप 24 बाई 7 उपलब्ध रहेगा, जिससे किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। इस व्यवस्था से किसान 13 जनवरी 2026 तक अग्रिम टोकन प्राप्त कर सकेंगे। इससे समितियों में भीड़, तकनीकी दबाव और अंतिम समय की हड़बड़ी जैसी समस्याओं में कमी आएगी। अग्रिम योजना के साथ धान विक्रय होने से पूरी प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और सुचारु रूप से संचालित होगी। राज्य सरकार ने लघु एवं सीमांत किसानों के हित में विशेष निर्णय लेते हुए 2 एकड़ अथवा उससे कम रकबा वाले किसानों को 31 जनवरी 2026 तक तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन लेने की सुविधा दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में लिया गया यह निर्णय छोटे किसानों को बिना दबाव अपनी उपज विक्रय का भरोसा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में राज्य में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एन्यूमरेशन पीरियड 18 दिसंबर, मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 तथा अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा जारी इस संशोधित कार्यक्रम की जानकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत समस्त अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर एवं विशेष गहन पुनरीक्षण में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए, ताकि पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध और सुचारू रूप से सम्पन्न हो सकें।

## गुरु घासीदास जयंती पर मदिरा दुकानें बंद रहेंगी

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम के अन्तर्गत शासन द्वारा जारी निर्देश वर्ष 2025-26 नियम के अनुसार 18 दिसम्बर गुरु घासीदास जयंती पर एक दिवस का शुष्क दिवस रखे जाने का प्रावधान है। गुरु घासीदास जयंती दिन गुरुवार को शुष्क दिवस घोषित करने की बात कही गई है। प्रीमियम मदिरा दुकानों के परिसर से संलग्न अहाता बंद रखी जाएंगी ।

### राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती

**सूरजपुर।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिला स्तर विकासखण्ड स्तर पर नियुक्ति किये जाने पर विकासखंड परियोजना प्रबंधक (संविदा), क्षेत्रीय समन्वयक (संविदा) एवं एन.आई.एस. सहायक (संविदा) के रिक्त पदों में नियुक्त किया जाना है। जिसमें पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण कर आंशिक संशोधन के उपरांत पुनः पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर को किया गया है। सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर देखा जा सकता है। प्रकाशित सूची में जिन अभ्यर्थियों को आपत्ति प्रस्तुत करना है, ऐसे अभ्यर्थी 18 दिसंबर 2025 को समय शाम 5:00 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर में उपस्थित हो जायें।

# लोनर हाथी ने नीमपानी में वृद्धा को मौत के घाट उतारा, पति बचा बाल-बाल

## खाट के नीचे छिपकर जान बचाई

**कोरबा।** जिले के चैतमा रेंज अंतर्गत नामपानी गांव में आज तड़के लोनर हाथी से हमला कर एक 60 वर्षीय वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया जबकि उसके पति ने खाट के नीचे छिपकर जान बचाई। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार लोनर हाथी द्वारा हमला किए जाने कि यह घटना कटघोरा वन मंडल अतंर्गत चैतमा रेंज के नीमपानी गांव में घटित हुई बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बारीउमराव के आश्रित गांव नीमपानी निवासी फूलसुंदरी मंझवार उम्र 60 वर्ष तथा उसका पति टिकैत राम घर के बाहार दैहान में सो रहे थे, कि आज तड़के 3 बजे के लगभग लोनर हाथी अचानक वहां आ धमका लोनर चिघाड़ को सुनकर महिला जागी और भागने लगी जबकि उसका पति खाट के नीचे छिप गया। महिला को भागते देख लोनर ने दौड़ाकर



उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। बाद में लोनर हाथी से उसे पैरो तथा सूड से कुचलकर मार डाला। लोनर हाथी द्वारा नामपानी गांग में वृद्धा पर किए गए हमले में मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और लोनर को खदेड़ने के साथ आवश्यक कार्रवाई की उधर कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत को जानकारी दी गई। जिस पर वें स्वयं मौके पर पहुंचे और इस घटना में वृद्धा की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतका के परिजनों को जिला पंचायत अध्यक्ष डा. पवन सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध करायी। डीएफओ श्री निशांत ने बताया कि वन्य प्राणी के हमले में जनक्षति पर शासन की और से 6 लाख रूपए जाने का प्रावधान है सो शेष राशि 5 लाख 75 हजार रूपए सभी औपचारिकताओं को पूरी करने के बाद दी जाएगी ज्ञात रहें बिलासपुर वन मंडल के सीपत रेंज से लोनर हाथी कटघोरा वन मंडल में आया है। और पिछले चार दिनों से डिविजन के चैतमा रेंज के जंगल में विचरण कर रहा है। चूकिं इस लानर हाथी का व्यवहार काफी आक्रामक है। इसे देखते हुए वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और गांवों में मुनादी कराने के साथ उन्हें सतर्क भी कर रहा है। बावजूद इसके वन विभाग की चेतावनी को अनदेखा कर ग्रामीण लापरवाही बरत रहे है। इसी लापरवाही का खामयाजा नीमपानी गांव में वृद्धा का भुगतना पड़ा। और घर के बाहर दैहान में सोने के कारण उसकी जान चली गई।

## डिस्पेन्सरी में चिकित्सकों की कमी

**कोरबा।** केएसएस और एसईसीएल के मध्य होने वाली बैठक में आज चिकित्सकों की कमी के मामलों को उठाया जाएगा। कई डिस्पेन्सरी में चिकिस्तकों का अभाव है। एवं चिकित्सालय में चिकित्सकों को लाने की मांग की जाएगी केएसएस के द्वारा इस मामले को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। इनका मानना है कि चिकित्सकों की कमी के वजह से कामगार निजी चिकित्सालय में जाकर इलाज निजी चिकित्सालय में में कराते है। और इसका भुगतान एसईसीएल को करना पड़ता है। इसी तरह अन्य समस्याओं को भी प्रबंधन के सामने रखा जाएगा। खासकर पदोन्नति के मामले लंबित है खदान पहुंच मार्ग के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस बैठक में सभी क्षेत्रों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे एरिया के अरूण सरकार, संतोष टंडन, रामकृष्ण दुर्गे, सॉजी जॉन के द्वारा अपने -अपने क्षेत्र के समस्याओं को उठाया जाएगा।

## एसकेएमएस की होगी समीक्षा बैठक

**कोरबा।** आज जेपी कॉलोनी स्थित यूनियन कार्यालय में एसकेएमएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सदस्यता अभियान एवं इकाईयों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। संगठन को मजबूत करने के लिए सलाह-मशविरा किए जाएंगे। अध्यक्ष मनीष सिंह व महामंत्री धर्माराव के द्वारा इकाईयों में जो सदस्यता अभियान चलाए गए थे उसे बढ़ाने को लेकर चर्चा होगी। एसकेएमएस के एसईसीएल महामंत्री अजय विश्वकर्मा लगातार क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उनके द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। पिछले दिनों वे दीपका क्षेत्र में आकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए थे। यहां विनोद यादव, जीत सिंह, अजय राठौर ने कहा था कि आने वाले दिनों में कर्मचारियों के कार्यों के लिए और अधिक मेहनत की जाएगी। इसी तारतम्य में आज कोरबा एरिया की समीक्षा बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह, कृष्णा तिवारी, उज्जवल बनर्जी, राजू श्रीवास्तव, राजेश दुबे, राजेश पांडेय के अलावा अन्य कार्यकर्ता अपने-अपने विचार रखेंगे। एसईसीएल महामंत्री अजय विश्वकर्मा लगातार एरिया के पदाधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने गेवरा में भी आकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी।

# व्यापारी की कार में आग लगाने वाले दो गिरफ्तार

**कोरबा।** कोतवाली थाना अंतर्गत दर्री रोड में 16 दिसंबर की रात 9:10 से 9:20 बजे के बीच तीन युवकों ने मिलकर एक व्यापारी की कार में आग लगा दी थी। इस मामले में 2 कथित आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं जबकि तीसरा आरोपी फरार बताया जा रहा हैं।

बताया जा रहा है कि 10 मिनट के भीतर दर्री रोड निवासी और विनोद ट्रेडर्स के संचालक आशीष अग्रवाल की कार को नशा की हालत में किन्तु सब जानते-समझते हुए तीन लोगो ने आग लगाया था। थाना प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल पटेल ने बताया कि एक कथित आरोपी फरार है जबकि दो कथित आरोपी को पकड़ लिया गया है। ये तीनों हमाल का काम करते हैं। इससे पहले भी एक कथित अपराधी ने दर्री रोड निवासी हेमंत अग्रवाल की कार को भी आग लगाया था। इनके आदतन बदमाशीपूर्ण हरकत से अब अन्य व्यवसायियों में दहशत देखी जा रही है। ये सब इस क्षेत्र के व्यापारियों के यहां कार्य कर जीवन-यापन करते आ रहे हैं और इन्हीं का नुकसान भी कर देते हैं।

## डॉ. विजय राठौर का होगा स्वागत

**कोरबा।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के डॉ. विजय राठौर को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। आज उनका पोड़ीबहार क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। जिसकी तैयारी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर के द्वारा की जा रही है। डॉ. विजय राठौर के कल हरदीबाजार पहुंचने पर उनका भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हरीश थरवानी, मुकेश जायसवाल सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनने पर सरजू अजय प्रदेश अध्यक्ष से मिलने के लिए रायपुर रवाना हो गए हैं। वहां पर वे प्रदेश पदाधिकारियों से सुझाव लेंगे। इसी तरह अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश लहरे भी प्रदेश पदाधिकारियों से मिलने के लिए रायपुर रवाना हो गए हैं। भाजपा जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री अविनाश कंवर भी आज रायपुर में हैं। इन नेताओं के वापस लौटने पर कोरबा में जोरदार स्वागत किया जाएगा। अजा मोर्चा के उरगा मंडल अध्यक्ष कमलेश अनंत ने बताया कि सरजू अजय व राजेश लहरे का स्वागत उरगा क्षेत्र में किया जाएगा। इधर मानिकपुर में भी स्वागत की तैयारी की जा रही है।

# पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई छात्रा पहुंची एसपी दफ्तर

**कोरबा।** महिला संबंधी अपराधों में पीड़िता को त्वरित न्याय और संवेदनशील कार्यवाही की आवश्यकता होती है, लेकिन बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा को उल्टे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यवाही से असंतुष्ट होने का आरोप लगाते हुए कथित पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर थाने की कार्यप्रणाली की शिकायत की है।

पीड़िता बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र निवासी एक कॉलेज छात्रा है। उसके अनुसार क्षेत्र के एक ग्राम में रहने वालाव्यक्ति लगातार उसके मोबाइल पर कॉल कर परेशान करता था। बाद में आरोपी उसके मोहल्ले में आकर प्रेम प्रस्ताव देने लगा। इंकार करने पर कथित आरोपी ने आत्महत्या करने की धमकी देकर उसे भावनात्मक रूप से झांसे में ले लिया।

पीड़िता का आरोप है कि कथित आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे एक रिश्तेदार के घर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद जब युवती ने विवाह की बात कही तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। बताया जा रहा हैं की करीब एक माह पूर्व पीड़िता ने बांकीमोंगरा थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बावजूद अब तक कथित आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इससे पीड़िता में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले में निष्पक्ष व कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की जांच जारी है और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

*कोरबा। शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल कुदमुरा में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण का कार्यक्रम में 79 छात्राओं को साइकिलें दी गई।

## जावेद को अल्पसंख्यक मोर्चा में मिली जिम्मेदारी

**कोरबा।** जावेद मेमन को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मे प्रदेश महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी दी गयी हैं। वायरल होने पर श्री मेमन के चाहने वालों एवं समाज के लोगों द्वारा उन्हें बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ हैं। भारतीय जनता पार्टी कोरबा में जावेद मेमन लगातार पार्टी संगठन के कार्यों में अपनी सक्रियता और तन्मयता से लगा रहने वाला एक नाम है, जो भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। जिन्हें वर्तमान में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री के पद से नवाजा गया है। लोकसभा, विधानसभा व नगरीय निकाय चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। पार्टी ने उनके कार्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है।

## सुधा त्रिवेदी ने दी लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गुरु घासीदास उपनगर का साप्ताहिक एकत्रीकरण कार्यक्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुधवारी कोरबा में अत्यंत अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उक्त एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के स्वयंसेवक बंधुओं ने समय से पूर्व उपस्थित होकर संघ अनुशासन का परिचय दिया। कार्यक्रम में रायपुर से पधारी डॉ. सुधा त्रिवेदी द्वारा स्वयंसेवकों को लाइफ सपोर्ट (जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार) का व्यावहारिक एवं उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. त्रिवेदी ने आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित सहायता, प्राथमिक उपचार की महत्ता तथा जीवन रक्षा के मूलभूत उपायों की जानकारी सरल व प्रभावशाली ढंग से दी। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से आवश्यक कौशल सीखा। एकत्रीकरण में शारीरिक अभ्यास भी संपन्न हुआ, जिसमें सभी स्वयंसेवक दंड के साथ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अनुशासन, एकात्मता एवं सेवाभाव की झलक दिखी।

## अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**कोरबा।** एसईसीएल द्वारा बिरसिंहपुर पाली में अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए गेवरा केंद्रीय कर्मशाला की टीम रवाना हुई है। इस टीम में शैलेंद्र पराशर, विकास शुक्ला सहित कई खिलाड़ी शामिल हैं। इसी तरह जीएम शाखा कोरबा के क्रिकेट खिलाड़ी भी रवाना हो गए हैं।

# दुर्घटना में एअर बैग नहीं खुलने पर इनोवा कार कंपनी को 61 लाख देने का आदेश

## छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग का महत्वपूर्ण फैसला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सीतामढ़ी कोरबा निवासी सुमित अग्रवाल को कुल 61 लाख 36 हजार रुपए देने का आदेश टोयटा कंपनी को दिया है क्योंकि कंपनी के इनोवा कार में दुर्घटना के समय उसका कोई भी एअर बैग नहीं खुला था। कोरबा के प्रतिष्ठित व्यापारी सीतामढ़ी निवासी अमित अग्रवाल 23 अप्रैल 2023 को रायपुर से अपने भाई सुमित अग्रवाल की इनोवा कार से कोरबा आ रहे थे। ग्राम तरदा के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे वाहन को बचाते समय इनोवा कार पलटकर पेड से जा टकराई। इस सड़क दुघर्टना में अमित अग्रवाल को गंभीर चोट पहुंची थी, रायपुर और हैदराबाद में अमित के इलाज में 36.83 लाख रुपए खर्च आया था। सड़क दुघर्टना के समय इनोवा का एक भी एअर बैग नहीं खुला जिसके कारण अमित अग्रवाल को गंभीर चोट पहुंची थी।



अमित अग्रवाल के भाई सुमित अग्रवाल ने इनोवा कार के निर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता आयोग कोरबा में मामला पेश किया था, उक्त मामले में कंपनी के उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए जिला आयोग ने नया वाहन या समतुल्य राशि सहित इलाज में खर्च हुए 36.53 लाख रुपए सुमित अग्रवाल को देने का आदेश दिया था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कंपनी ने जिला आयोग के एकपक्षीय आदेश के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग बिलासपुर में अपील किया। मोटर कंपनी के अधिवक्ता ओम कुकरेजा ने एकपक्षीय फैसले पर आपत्ति किया। इंश्योरेंस कंपनी की ओर से 12 लाख रुपए कार के रिपेयरिंग के लिए डीलर को दिया गया, एअर बैग खुलने के संबंध में विशेषज्ञ रिपोर्ट नहीं लिया गया और सुमित ने दुर्घटना को नहीं देखा इन आधारों पर टोयोटा कंपनी की ओर से अपील में तर्क किया गया। दुर्घटनाग्रस्त कार के स्वामी सुमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता नूतनसिंह ठाकुर ने पैरवी किया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने टोयोटा कंपनी के तर्कों को स्वीकार नहीं किया। राज्य आयोग ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में सर्वेयर की रिपोर्ट, कार और अमित अग्रवाल को पहुंची क्षति के आधार पर यह माना कि गंभीर क्षति के बावजूद कार के एक भी एअर बैग का नहीं खुलना इनोवा कार में विनिर्माण दोष को प्रमाणित करता है। आयोग ने फैसला दिया कि परिवादी अपनी सुरक्षा के लिए महंगी कार खरीदा था लेकिन यदि आवश्यकता के समय एअर बैग नहीं खुला तो ऐसे गुणवत्ताहीन वाहन को बेचना सेवा में कमी है।

दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद राज्य आयोग ने 28.11.2025 फैसला दिया कि टोयोटा कंपनी 30 दिन के भीतर सुमित अग्रवाल को नया इनोवा कार या उसका मूल्य 23.83 लाख रुपए सहित इलाज का संपूर्ण खर्च 36.53 लाख रुपए देगा। साथ ही 01 लाख रुपए शारीरिक, मानसिक परेशानी के लिए तथा 10 हजार रुपए वादव्यय देगा।

# खदान कर्मियों की समस्याओं पर जल्द होगा आंदोलन : राजू सोनी

**कोरबा।** इंटक कुसमुंडा क्षेत्र के अध्यक्ष राजू लाल सोनी ने कहा है कि कुसमुंडा खदान में कार्य कर रहे कर्मचारियों को हो रही समस्याओं पर जल्द आंदोलन होगा। ज्ञात रहे कुसमुंडा खदान में कार्य कर रहे कर्मचारियों को इन दिनों मोटर साइकिल प्रवेश, बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस, डीजल चोरी पर डंपर ऑपरेटरों को चार्जशीट करना, शेफ्टी को पूर्णता दरकिनार कर कार्य कराना, ओवरटाइम कार्य लेने उपरांत कटौती सहित विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे वे बेहद परेशान हैं। साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रणनीति बनाई जा रही है।

# बालको ने किया मंगल भवन का नवीनीकरण

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत बालको टाउनशिप में स्थित मंगल भवन के नवीनीकरण परियोजना का उद्घाटन बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर बालको के अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश कुमार ने कहा कि बालको सदैव अपने समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और मंगल भवन का नवीनीकरण इसी सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।



यह भवन अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन के रूप में विकसित हो गया है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएँ और सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक स्थान प्रदान करना है। मंगल भवन के नवीनीकरण के पश्चात इसके स्वरूप में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। भवन के आंतरिक और बाहरी हिस्सों को आकर्षक बनाने के साथ ही स्वच्छता और रोशनी पर विशेष ध्यान दिया गया है। अब यह भवन न केवल देखने में सुंदर है, बल्कि उपयोग के लिहाज़ से भी अत्यंत सुविधाजनक बन गया है।मंगल भवन में अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जिम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे युवा, बुजुर्ग और महिलाएँ सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। इसके साथ ही खेलकूद के लिए कैरम और टेबल टेनिस जैसी इनडोर गेम्स की व्यवस्था की गई है, जो सभी के लिए मनोरंजन और आपसी मेलजोल का अच्छा माध्यम है। यह भवन शादी-विवाह, पारिवारिक समारोह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए भी उपलब्ध रहेगा। इसके लिए पानी, वॉशरूम, बिजली जैसी सभी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि आयोजनों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन अब एक भरोसेमंद और सुलभ आयोजन स्थल बन गया है।

## आंदोलन में शामिल होने कांग्रेसी रवाना

**कोरबा।** ईडी के खिलाफ कांग्रेसियों के द्वारा रायपुर में आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए सभी क्षेत्रों से कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। कोरबा जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए हैं। इसी तरह दीपका क्षेत्र से विशाल शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**आवश्यकता है**

**विजय ज्वेलर्स जांजगीर में कार्य करने हेतु लड़के तथा लड़कियों की आवश्यकता है। स्थानीय व्यक्ति एवं जानकार व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।**

संपर्क करें
98261 06854
99816 31001










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com